Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 105 | सोमवार, 20 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# 4 मई के बाद एक्शन होगा, कोई बचेगा नहीं, टीएमसी को पीएम मोदी की सीधी चेतावनी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के लिए कई बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि बंगाल में इखढ की सरकार बनने पर गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा, जिसे कोई छीन नहीं पाएगा। बिष्णुपुर में 'विजय संकल्प सभा' के दौरान पीएम मोदी ने बंगाल की महिलाओं के लिए कई आर्थिक लाभों की घोषणा की।

**आवास योजनाः** पक्के घर के लिए 1.5 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

**स्वास्थ्य सुरक्षाः** महिलाओं को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

**वित्तीय सहायताः** 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' के जरिए महिलाओं को हर साल 36,000 रुपये मिलेंगे।

**अन्य मददः** गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये, बच्चे के जन्म पर 5,000 रुपये और बेटियों की पढ़ाई के लिए 50,000 रुपये की मदद दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार पर राज्य में भ्रष्टाचार और केंद्रीय योजनाओं को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी को आदिवासी महिलाओं से नफरत है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि टीएमसी ने आदिवासी नेता के खिलाफ अपना उम्मीदवार खड़ा किया, ठीक वैसे ही जैसे कांग्रेस ने कभी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ किया था। पीएम ने इसे संविधान की भावना के खिलाफ बताया।

### टीएमसी नेताओं और गुंडों को खुली चेतावनी

प्रधानमंत्री ने टीएमसी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बड़े नेताओं की भाषा ही असली 'एग्जिट पोल' है, जिससे पता चलता है कि वे हार के डर से बौखला गए हैं। पीएम मोदी ने बिष्णुपुर में सिंडिकेट और भ्रष्ट लोगों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि टीएमसी के सभी गुंडों को 29 अप्रैल से पहले अपने नजदीकी पुलिस स्टेशनों में जाकर सरेंडर कर देना चाहिए, क्योंकि 4 मई के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। अंत में उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता अब जाग गई है और इस बेरहम सरकार को हटाकर ही दम लेगी।

# सीएम स्टालिन ने की परिसीमन को 25 वर्षों के लिए स्थगित करने की मांग, बोले- विपक्षी दलों की एकता की शुरूआत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके. स्टालिन ने परिसीमन को 25 वर्षों के लिए स्थगित करने की मांग की है। उन्होंने शनिवार को कहा कि सभी विपक्षी दलों के सांसदों के प्रयासों से परिसीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में सफलता मिल पाई है।

स्टालिन ने वीडियो क्लिप में कहा, परिसीमन विधेयक के विरुद्ध हमारा संघर्ष सफल रहा।

एक वर्ष से भी अधिक समय पहले हमने इस खतरे को भांप लिया था और उसी क्षण से हमने इस विजय के लिए आवश्यक कार्य शुरू कर दिए थे।

निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन की आड़ में भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया विधेयक संसद में गिर गया। भाजपा ने महिला आरक्षण की आड़ में इस विधेयक को लाने की कोशिश की, लेकिन 12 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी की सरकार को संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित नहीं करवा सकी।

स्टालिन ने कहा, यह विपक्षी दलों की एकता की शुरूआत है। अगर हम एकजुट रहेंगे तो हमारी जीत निश्चित है।

हमने जो हासिल किया है वह केवल आधी जीत है। सीटों की संख्या का परिसीमन संवैधानिक रूप से अगले 25 वर्षों के लिए यानी 2051 तक निलंबित किया जाना चाहिए।

# बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त बने दिनेश त्रिवेदी, अमित मालवीय ने दी बधाई

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**बंगाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का नया उच्च आयुक्त नियुक्त किया गया है। त्रिवेदी केंद्रीय रेल मंत्री और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री रह चुके हैं। अब वो एक नई जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का नया उच्च आयुक्त नियुक्त किया गया है। दिनेश त्रिवेदी उच्च आयुक्त और करियर राजनयिक प्रणय वर्मा की जगह लेंगे। प्रणय वर्मा को अब ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ (एव) में भारत का राजदूत बनाकर भेजा जा रहा है।75 साल के अनुभवी राजनेता दिनेश त्रिवेदी को ढाका भेजने का फैसला काफी अहम माना जा रहा है। आमतौर पर इन पदों पर विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों (क्ख्र) की नियुक्ति होती है। लेकिन एक दिग्गज नेता को दूत बनाकर भेजना, केंद्र सरकार का बांग्लादेश के साथ रिश्तों को उच्च राजनीतिक प्राथमिकता देना दिखाता है। ढाका में तारिक रहमान की सरकार से त्रिवेदी के नाम पर औपचारिक सहमति मांगी जाएगी। पश्चिम बंगाल की राजनीति और वहां की संस्कृति की गहरी समझ रखने वाले त्रिवेदी बांग्लादेश के साथ जमीनी स्तर पर बेहतर बातचीत स्थापित करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### अमित मालवीय ने दी बधाई

बीजेपी के पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने त्रिवेदी को भारत का नया उच्च आयुक्त बनने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बैरकपुर के पूर्व सांसद दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत के उच्च आयुक्त के रूप में नियुक्त किए जाने पर बधाई।'

# मणिपुर हिंसाः उखरूल में दो लोगों की हत्या के बाद तनाव, सीएम ने एनआईए को सौंपी जांच

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**मणिपुर।** मणिपुर में हिंसा का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को राज्य के उखरुल जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने नागरिक वाहनों के एक काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया।

यह घटना लिटान पुलिस थाना क्षेत्र के टी एम कासोम गांव के पास हुई। हमले में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान ताशर गांव के सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी चिनाओशांग शोकवुंगनाओ और खारासोम गांव के यारुइंगम वाशुम के रूप में हुई है। हमले के दौरान काफिले में शामिल तीन कारों को भी काफी नुकसान पहुंचा।

### मुख्यमंत्री ने दिए एनआईए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसे अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने घोषणा की है कि इस मामले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी करेगी।

मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें आर्थिक मदद देने का भी आश्वासन दिया है। फिलहाल, गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम और मुख्यमंत्री खुद स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सुरक्षाबलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### समुदायों में तनाव

इस दुखद घटना के बाद अलग-अलग समूहों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। तंगखुल नागा लोंग की कार्यकारी समिति ने इस हमले के लिए कुकी समूहों को जिम्मेदार ठहराया है और घटना की कड़ी निंदा की है।

दूसरी ओर, कुकी जो परिषद ने इन हत्याओं में अपने समुदाय की किसी भी तरह की संलिप्तता होने से पूरी तरह इनकार किया है। सरकार ने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की है ताकि माहौल और न बिगड़े।

# आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की सफल सर्जरी, पीएम मोदी ने खुद फोन कर जाना हाल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद शनिवार को उनकी सर्जरी की गई। शुक्रवार को प्रशासनिक बैठक के दौरान उन्हें बेचैनी महसूस हुई थी। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में भर्ती होने का निर्णय लिया। एमआरआई और अन्य मेडिकल जांचों के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। फिलहाल पवन कल्याण स्थिर हैं और डॉक्टरों ने उन्हें काम पर लौटने से पहले एक सप्ताह तक पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है।

### पीएम मोदी ने की बात, स्वास्थ्य के लिए की प्रार्थना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवन कल्याण से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम से बात की है। उन्होंने पवन कल्याण को 'असाधारण रूप से साहसी' बताते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

### नागेंद्र बाबू ने दिया स्वास्थ्य अपडेट

पवन कल्याण के भाई और नेता नागेंद्र बाबू ने प्रशंसकों को आश्वस्त किया है कि सर्जरी सफल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि पवन कल्याण सुरक्षित हैं और तेजी से रिकवर कर रहे हैं।


उन्होंने प्रशंसकों से सकारात्मक रहने की अपील की और कहा कि पवन कल्याण जल्द ही नई ऊर्जा के साथ वापसी करेंगे।

### सर्जरी से पहले तक थे सक्रिय

पवन कल्याण अपनी बीमारी के बावजूद शनिवार सुबह तक काम को लेकर सक्रिय थे। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के पारित न होने पर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी और विपक्ष पर निशाना साधा था।

# बलबीर पुंज का निधनः पूर्व सांसद के निधन पर पीएम मोदी ने जताया शोक, कहा- राष्ट्र निर्माण के प्रति रहे प्रतिबद्ध

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद और जाने-माने पत्रकार बलबीर पुंज का शनिवार शाम निधन हो गया। उनके निधन के साथ ही राजनीति, पत्रकारिता और सार्वजनिक चिंतन के क्षेत्र में एक लंबे और प्रभावशाली कॅरिअर का अंत हो गया। पुंज प्रभावशाली विचारक, स्तंभकार और भाजपा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के संयोजक भी रहे। उन्हें 2022 में देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित किया गया था। पुंज के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया है।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक

पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर उनके साथ तस्वीर साझा कर उन्हें सम्मानित बुद्धिजीवी और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध बताया। पीएम मोदी ने पूर्व पत्रकार रहे पुंज के विचारों का जिक्र करते हुए लिखा कि लोग उनकी लेखनी के कायल थे।

### पैने विश्लेषण और टिप्पणियों के लिए मशहूर रहे पुंज

राजनीति में आने से पहले, पुंज ने पत्रकारिता के क्षेत्र में एक विशिष्ट कॅरिअर बनाया। उन्होंने अपनी पेशेवर यात्रा की शुरूआत 1971 में द मदरलैंड नामक एक दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन के साथ की। वह 1974 में फाइनेंशियल एक्सप्रेस में शामिल हुए और 1996 तक, दो दशकों से भी अधिक समय तक फाइनेंशियल एक्सप्रेस में काम किया। वह अपने पैने विश्लेषण और टिप्पणियों के लिए जाने जाते थे। बाद में, उन्होंने मई 1996 से मार्च 2000 तक द ऑब्जर्वर ऑफ बिजनेस एंड पॉलिटिक्स के कार्यकारी संपादक के तौर पर काम किया।

### पत्रकारिता जगत में रही खास पहचान

पुंज पत्रकारिता संस्थानों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे थे। उन्होंने 1989 से 1991 के बीच लगातार दो कार्यकाल तक दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 1993 से 1995 तक नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के महासचिव रहे। उनका योगदान मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में भी रहा। उन्होंने मार्च 2000 तक दो वर्षों के लिए दक्षिण-पूर्व एशियाई मीडिया प्रशिक्षण संगठन, आईआईएमसी की अध्यक्षता की थी।

### आजीवन देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित

सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में, पुंज ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें राष्ट्रीय युवा आयोग के अध्यक्ष और 1996-97 के दौरान दिल्ली वित्त आयोग के सदस्य का पद शामिल है। उनके कार्यों में शासन और युवा विकास के प्रति उनकी निरंतर संलग्नता की झलक मिलती है। एक लेखक और स्तंभकार के रूप में वह अपने अंतिम दिनों तक सक्रिय रहे और उन्होंने हिंदी तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों व पत्रिकाओं में व्यापक लेखन किया। उनके आजीवन योगदान की मान्यता स्वरूप, 18 मई 2022 को उन्हें आजीवन देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित किया गया।

# नारी शक्ति बिल पर ममता बनर्जी का पीएम मोदी पर वार, पूछा- अब अपनी इमेज बचाने के लिए रो रहे हैं?

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**बंगाल।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में डर का माहौल बनाने के लिए युद्ध की गाड़ियां लेकर आई है, लेकिन बंगाल की जनता किसी भी कीमत पर डरने वाली नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस लड़ाई को लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेंगी और भाजपा को परास्त करेंगी।

### प्रवासियों से धर्म की राजनीति का आरोप

ममता बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे प्रवासी श्रमिकों की भावनाओं का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मजदूरों को गीता और अन्य धर्मग्रंथों की कसम खिलवाई जा रही है ताकि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करें। मुख्यमंत्री ने इसे राजनीति का अब तक का सबसे गिरता हुआ स्तर करार दिया।

### पीएम मोदी पर साधा निशाना

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर चर्चा करते हुए ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'पिछले शुक्रवार को लोकसभा में बिल के मामले में सरकार को मुंह की खानी पड़ी है।' मुख्यमंत्री ने तंज कसा कि अब अपनी हार और खराब छवि को छिपाने के लिए प्रधानमंत्री रोने का नाटक कर रहे हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि बिल 2023 में ही पारित हो गया था, तो उसे अब तक प्रभावी ढंग से लागू क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात तो करती है, लेकिन उनकी मंशा में खोट है।

### चुनावी रैलियों का महादंगल

रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का चुनावी कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा। उन्होंने तारकेश्वर से अपने प्रचार अभियान की शुरूआत की और इसके बाद कालना, मंतेश्वर व बर्द्धमान दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ममता बनर्जी के इन आक्रामक बयानों से राज्य में चुनावी ध्रुवीकरण और भी तेज हो सकता है।

# तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, 13 की मौत, कई घायल



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में स्थित एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में जोरदार धमाका होने से बड़ा हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 13 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में स्थित एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में जोरदार धमाका होने से बड़ा हादसा हो गया।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 13 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कई लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह विस्फोट कट्टनारपट्टी इलाके में स्थित एक क्रैकर यूनिट में हुआ, जिसने देखते ही देखते चार यूनिट्स को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

मौके पर दमकल विभाग, पुलिस और राहत टीमें लगातार मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हुई हैं। प्रशासन ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

फिलहाल विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरूआती आशंका है कि यह हादसा पटाखा निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ हो सकता है।

अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## संपादक की कलम से

### वस्ती गणना 2026-27: तैयार रहिए, गणनाकर्मी आपके बेडरूम और बाथरूम तक झांक सकते हैं

महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद होने वाली यह पहली जनगणना है, जिसके आधार पर आगे निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किया जाएगा। भारत में कितने घरों में शौचालय हैं? कितने घरों में गैस कनेक्शन है और कितने लोग आज भी ईंधन के रूप में उपले (गोबर के कंडे) इस्तेमाल करते हैं? कितने लोग पक्के मकानों में रहते हैं और कितने कच्चे घरों या झोपड़ियों में? अगर आपको ऐसी जानकारी में रुचि है, तो थोड़ा इंतजार कीजिए– 2026–27 की जनगणना पूरी होने के बाद ये सारी दिलचस्प जानकारियां सामने आएंगी। इस बार जनगणना में घर–घर जाकर न केवल लोगों की संख्या, बल्कि उनके जीवन स्तर से जुड़ी सूक्ष्म जानकारी भी जुटाई जाएगी, जैसे घर में टीवी है या नहीं, कितने मोबाइल फोन हैं, इंटरनेट कनेक्शन है या नहीं, साइकिल से लेकर कार तक कौन–कौन से वाहन हैं आदि। 1951 से हर 10 साल में होने वाली इस प्रक्रिया में इस बार 34 सवालों की विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है, जबकि 2011 में केवल 23 सवाल पूछे गए थे। यह विशाल अभियान देश के दूर–दराज इलाकों–हिमालय से लेकर अंडमान–निकोबार तक, हर नागरिक को कवर करेगा। लगभग 24 करोड़ घरों तक पहुंचने के लिए 34 लाख गणनाकर्मी और 1.3 लाख अधिकारी आधुनिक मोबाइल व डिजिटल उपकरणों के साथ काम करेंगे। इसके लिए 16 भाषाओं में ऐप तैयार किए गए हैं। इस बार जनगणना में एक अतिरिक्त फार्म भी होगा, जिसके जरिए नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर (एनपीआर) के लिए जानकारी जुटाई जाएगी। बाद में सभी नागरिकों को एक यूनिक पहचान संख्या भी दी जाएगी। जनगणना दो चरणों में पूरी होगी, पहला चरण अक्टूबर, 2026 तक और दूसरा चरण 1 मार्च, 2027 तक। प्राथमिक आंकड़े मार्च, 2027 तक आ सकते हैं, जबकि विस्तृत रिपोर्ट दिसंबर, 2027 तक आएगी। इसके बाद परिसीमन शुरू होगा और 2029 के चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने की संभावना है। इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और स्वगणना (2ी'ा–ील्ल4ी13ङ्मल्ल) का विकल्प भी शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अप्रैल से ही अपनी जानकारी दर्ज करवाई है। जनगणना के दौरान घर के प्रकार, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, शयनकक्ष, रसोई, शौचालय, बिजली, एसी, कंप्यूटर, ईंधन, पानी की उपलब्धता और यहां तक कि आफिस जाने के साधनों तक की जानकारी ली जाएगी। यह डेटा सरकार की नीतियों की सफलता या विफलता का आकलन करने में मदद करेगा। हालांकि कुछ सवाल नागरिकों की निजी जिंदगी से जुड़े होंगे, जैसे हर दंपत्ति को अलग बेडरूम मिलता है या नहीं, पानी लाने के लिए कितनी दूरी तय करनी पड़ती है और घर में उपयोग किया गया पानी कहां जाता है। ऐसे सवालों को लेकर प्राइवेसी को लेकर बहस भी हो रही है, लेकिन सरकार का कहना है कि यह जानकारी केवल सामाजिक विश्लेषण के लिए है। भारत में यह दुनिया का सबसे बड़ा प्रशासनिक सर्वेक्षण माना जाता है। इसके लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं यानी प्रति व्यक्ति लगभग 83.79 रुपए। 2011 की जनगणना के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत घरों में पीने का पानी, शौचालय और बिजली, तीनों सुविधाएं उपलब्ध थीं, जबकि ग्रामीण भारत में यह आंकड़ा मात्र 4 प्रतिशत था। अब देखना यह है कि 2026–27 की जनगणना क्या नई तस्वीर सामने लाती है।



ललित शर्मा
संपादक

# अमरत्व को ले जाती शहादत



तनवीर जाफरी
लेखक

28 फरवरी 2026 को इस्राईल और अमेरिका ने एक 'संयुक्त अभियान' चलाकर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई को तेहरान में किये गये एक बड़े हवाई हमले में शहीद कर दिया था। ये हमले खामनेई के रिहाइशी कंपाउंड और उस समय चल रही डिफेन्स काउंसिल मीटिंगसहित और कई ठिकानों पर एक साथ हुए थे। अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपने के पहले ही दिन हुये इस हमले में सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई के अलावा 11अन्य प्रमुख ईरानी अधिकारी व नेता शहीद हो गये थे। युद्ध थोपने के पहले ही दिन और पहले ही आक्रमण में खामनेई को शहीद किये जाने के पीछे अमेरिका -इस्राईल की यही रणनीति थी कि खामनेई के बाद ईरान का नेतृत्व बिखर जायेगा और अमेरिका -इस्राईल की ईरान में सत्ता परिवर्तन किये जाने व शाह की संतान को ईरानी सत्ता पर थोपने की उनकी दीर्घकालीन नापाक मंशा पूरी हो जाएगी। परन्तु आयतुल्लाह खामनेई की शहादत के बाद का ईरान तो इतना एकजुट, मजबूत, सक्षम व उत्साही नजर आया जिसकी दुनिया कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

ईरानी सरकार ने 1 मार्च को खामनेई की मौत की पुष्टि की और पूरे देश में शोक घोषित किया। उसके बाद एक तरफ तो ईरान व ईरानी सत्ता को अस्थिर करने की गरज से ईरान पर दुश्मन की भारी बमबारी जारी रही दूसरी तरफ ईरान ने भी खामनेई की शहादत के बाद अमेरिका व इस्राईली हितों की रक्षा करने वाले लगभग 12 देशों परआक्रमण किये। इनमें खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी बेस और अन्य सैन्य ठिकाने शामिल थे। आश्चर्य की बात तो यह है कि पूरा ईरान इस दौरान अपने सर्वोच्च नेता की शहादत के गम में भी डूबा रहा, साथ ही मिनाब में स्कूल पर हुये हमले व अन्य जगहों पर हो रही अमेरिका व इस्राईली बमबारी का भी सामना करता रहा और इसी के साथ अपनी रक्षा भी बखूबी करते हुये अपने दुश्मनों व उनके हितैषियों को भी पूरे सलीके के साथ सबक सिखाता रहा।

इसके पीछे सैय्यद अली खामनेई के त्याग, उनकी दूरदृष्टि, ईमानदारी, सादगी व उनके बलिदान का सबसे महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। गौरतलब है कि सैय्यद अली खामनेई को 3 जून 1989 को आयतुल्लाह रुहुल्लाह खोमैनी की मृत्यु के बाद ईरान का 'कार्यवाहक सर्वोच्च नेता' निर्वाचित किया गया था। दो महीने बाद 6 अगस्त 1989 को ईरानी विशेषज्ञों की सभा ने उन्हें स्थायी 'सर्वोच्च नेता' के रूप में आधिकारिक तौर से चुन लिया।



गोया आज का ईरान इन्हीं आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की लगभग 37 वर्षों की दूरदर्शिता से निर्मित किया गया वह देश है जिसने अमेरिका व इस्राईल जैसे विश्व के सबसे आक्रामक व नरसंहारक देशों के पसीने छुड़ा दिये।

गत 9 अप्रैल से खामनेई की शहादत के बाद उनका चालीसवां (शोक) मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। यह चालीसवां केवल ईरान में ही नहीं मनाया गया बल्कि दुनिया के अनेक देशों के अनेक शहरों में 9 अप्रैल के बाद इनकी याद में बड़ी बड़ी सभाएं की गयीं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। जीवन की सादगी, उनकी सीख, शिक्षा, समर्पण व त्याग ने खामनेई को उस बुलंदी पर पहुंचा दिया कि उन पर आंसू बहाने वालों में केवल शिया समाज के लोग ही शामिल नहीं हुये बल्कि बड़ी संख्या में ईसाई, सुन्नी, हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन आदि सभी समुदायों के लोग अलग अलग जगहों पर शामिल हुये। मैं तुलना तो नहीं करता परन्तु यह बात दावे के साथ कहता हूँ कि करबला के शहीदों के चालीसवें के सिवाय और किसी अन्य व्यक्ति के चालीसवें अथवा सोग के अवसर पर इतने अधिक देशों व शहरों में इतने बड़े पैमाने पर इतने अधिक आयोजन होते मैंने पहले कभी नहीं देखा-सुना।

3 जून 1989 को ईरानी क्रांति के नेता आयतुल्लाह रुहुल्लाह खोमैनी की मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार में भी ईरान के विभिन्न हिस्सों से करोड़ों लोगों ने शिरकत की थी। अपनी मृत्यु से पूर्व खोमैनी कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। अंतिम दिनों में उन्हें आंतरिक रक्तस्राव के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था।

गहन जाँच के बाद उन्हें कैंसर और दिल संबंधी समस्याओं से पीड़ित बताया गया और केवल 11 दिनों तक अस्पताल में रहने के दौरान उन्हें दिल के कई दौरे पड़े। आखिरकार 12वें दिन उनकी मृत्यु हो गयी। खोमैनी के अंतिम संस्कार को भी इतिहास के सबसे बड़े अंतिम संस्कारों में से एक माना जाता है परन्तु वैश्विक स्तर पर सभी धर्मों व समुदायों के लोगों द्वारा उनका भी अंतिम सोग अर्थात चालीसवां इस स्तर पर नहीं मनाया गया था।

इसकी असल वजह है आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई का 86 वर्ष की आयु में शहीद होना। और वह भी अमेरिका व इस्राईल जैसे राक्षसीय कृत्य को अंजाम देने वाले मानवता के दुश्मन समझे जाने वाले देशों के मुकाबले डटकर खड़े रहने और सच्चाई व अपने अधिकारों के लिये डटकर मुकाबला करने की सीख देते हुये शहीद होना।

इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में खामनेई की शहादत को दुनिया इसलिये भी याद रखेगी कि वे वास्तव में करबला से प्रेरणा लेने वाले एक ऐसे सच्चे मुजाहिद थे जिन्होंने अपने दुश्मन की ताकत उसकी धमकियों यहाँ तक की अमेरिका के चलते ईरान पर चले आ रहे चार दशकों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की भी परवाह न करते हुए भी एक ऐसे ईरान का निर्माण किया जिसकी गिनती आज विश्व की महाशक्तियों में होने लगी है। यदि खामनेई शहीद न होते और अमेरिका ने यह युद्ध थोपा न होता तो आज ईरान - अमेरिका व इस्राईल की वास्तविक ताकत का अंदाजा भी दुनिया को न होता। गोया खामनेई की शहादत ने अमेरिका व इस्राईल सहित कई देशों को बेनकाब कर दिया जो क्रूरता कायरता व मानवता के बड़े मुजरिम हैं।

हमारे देश भारत में भी महात्मा गाँधी अपने जीवन में शायद उतने प्रभावी व प्रासंगिक नहीं रहे होंगे जितने कि वे शहीद होने के बाद हुये। उनकी हत्या करने के बाद न केवल उनकी सोच, सीख व आदर्शों को 'गांधीवाद' व 'गाँधी दर्शन' का नाम मिला बल्कि देश में साम्प्रदायिकतावादियों का चेहरा भी बेनकाब हो गया।

आज गाँधी को भी उनके सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों के लिये याद किया जाता है। यह भी अजीब इत्तेफाक है कि महात्मा गाँधी भी करबला की घटना से प्रभावित थे तथा कई जगहों पर उन्होंने हजरत इमाम हुसैन के त्याग, सम्मान की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध उनके अडिग होकर खड़े रहने की सराहना की।

इमाम हुसैन का संदेश उनके लिए मानवता का संदेश था। और आज उसी करबला और शहीद करबला हजरत हुसैन के बताये हुये मार्ग पर चलते हुये खामेनेई ने भी शहादत को गले लगाकर अपने आपको अमर कर दिया। निःसंदेह शहादत अमरत्व की ओर ले जाती है।

# पानी को रोकने की मिट्टी की क्षमता का पता लगाना: एक वैज्ञानिक सफलता



डॉ विजय गर्ग
लेखक

कृषि और जल संरक्षण में परिवर्तन लाने वाली एक उपलब्धि के रूप में, वैज्ञानिकों ने मिट्टी में एक छिपे हुए तंत्र का पता लगाया है जो प्राकृतिक ग्लू की तरह काम करता है, तथा शुष्क परिस्थितियों में भी पानी को बनाए रखने में मदद करता है। यह खोज इस बात पर प्रकाश डालती है कि मिट्टी किस प्रकार उपजाऊ रहती है तथा सूखे से निपटने और फसल उत्पादकता में सुधार के लिए आशाजनक समाधान प्रस्तुत करती है।

इस घटना के केंद्र में छोटे कार्बनिक पदार्थ हैं, मुख्य रूप से काबोर्हाइड्रेट और सूक्ष्मजीव यौगिक जो पौधों और मृदा सूक्ष्मजीवों द्वारा छोड़े जाते हैं। ये पदार्थ, जिन्हें अक्सर बायोपोलिमर कहा जाता है, एक चिपचिपा नेटवर्क बनाते हैं जो मिट्टी के कणों को एक साथ बांधता है। यह गोंद न केवल मिट्टी की संरचना को मजबूत करता है बल्कि इसके भीतर पानी को फंसाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हाल के शोध से पता चलता है कि यह प्रक्रिया हाइड्रोजन बंधन के माध्यम से सूक्ष्म स्तर पर काम करती है, जो एक कमजोर लेकिन महत्वपूर्ण बल है जो जल अणुओं को मिट्टी के खनिजों (जैसे मिट्टी) और कार्बनिक यौगिकों दोनों से एक साथ जुड़ने की अनुमति देता है। ये अंतःक्रियाएं छोटे-छोटे जलसेतुओं का निर्माण करती हैं, जो नमी को अपने स्थान पर लॉक कर देती हैं, तथा उसे आसानी से वाष्पित होने से रोकती हैं।

वैज्ञानिकों ने पाया कि जब काबोर्हाइड्रेट मौजूद होते हैं, तो मिट्टी पानी को अपने आप से पांच गुना अधिक मजबूती से रोक सकती है। उच्च तापमान या शुष्क परिस्थितियों में भी, इन सूक्ष्म स्थानों में फंसा पानी स्थिर रहता है, जिससे यह पौधों के लिए लंबे समय तक उपलब्ध हो जाता है।

इस प्राकृतिक गोंद में एक और महत्वपूर्ण योगदान सूक्ष्मजीव गतिविधि है। मृदा बैक्टीरिया बा'कोशिकीय बहुलक पदार्थ (ईपीएस) के रूप में जाने वाले पदार्थ उत्पन्न करते हैं। यह शर्करा और प्रोटीन का जेल जैसा मिश्रण है।

ये यौगिक मिट्टी के कणों के चारों ओर एक बायोफिल्म बनाते हैं, तथा उन्हें समुच्चय नामक समूहों में बांधते हैं। ये समुच्चय छोटे स्पंजों की तरह काम करते हैं, जो पानी को रोकते हैं और वाष्पीकरण के माध्यम से इसके नुकसान को धीमा कर देते हैं।

वास्तव में, कुछ सूक्ष्मजीव अपने वजन से कई गुना अधिक पानी अवशोषित कर सकते हैं, जिससे मिट्टी की नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्यों स्वस्थ, जैविक तत्वों से भरपूर मिट्टी, क्षतिग्रस्त या रेतीली मिट्टी की तुलना में पानी को बेहतर ढंग से बरकरार रखती है।

इस खोज के निहितार्थ दूरगामी हैं। इस प्राकृतिक गोंद को समझकर और बढ़ाकर, वैज्ञानिक और किसान यह कर सकते हैं

मिट्टी की उर्वरता और फसल उपज में सुधार

सिंचाई की आवश्यकता को कम करें

सूखे और मरुभूमिकरण से लड़ें

टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दें

कार्बनिक पदार्थ जोड़ने, सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को प्रोत्साहित करने, या यहां तक कि इन प्राकृतिक प्रक्रियाओं से प्रेरित पर्यावरण अनुकूल मृदा कंडीशनर विकसित करने जैसी तकनीकें किसानों को सीमित जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में मदद कर सकती हैं।

दशकों से, किसान और माली एक सरल नियम पर निर्भर रहे हैं: खाद या गोबर जैसे कार्बनिक पदार्थों को मिलाने से मिट्टी पानी को बेहतर ढंग से रोक सकती है।

यद्यपि क्षेत्र में परिणाम स्पष्ट थे, लेकिन सटीक 'क्यों' अभी तक एक आणविक रहस्य बना हुआ है। पीएनएएस नेक्सस (अगस्त 2025) में प्रकाशित एक अभूतपूर्व अध्ययन में, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने उस विशिष्ट आणविक तंत्र की पहचान की है जो 'गुप्त गोंद' के रूप में कार्य करता है, जिससे मिट्टी रेगिस्तान जैसी स्थितियों में भी नमी बनाए रख सकती है।

### खोज: काबोर्हाइड्रेट आणविक पुलों के रूप में

प्रोफेसर लुडमिला एरिस्टिल्डे के नेतृत्व में शोध दल ने पाया कि कुछ काबोर्हाइड्रेट पौधों और सूक्ष्मजीवों के सामान्य घटक आणविक चिपकाने वाले पदार्थ के रूप में कार्य करते हैं। ये काबोर्हाइड्रेट पानी का उपयोग करके कार्बनिक अणुओं और मिट्टी के खनिजों (विशेष रूप से मिट्टी) के बीच चिपचिपा पुल बनाते हैं।

### 'ग्लू' कैसे काम करता है:

**हाइड्रोजन बंधन:** जल अणु आमतौर पर एक दूसरे से चिपक जाते हैं। हालाँकि, इस अध्ययन से पता चला है कि पानी एक साथ मिट्टी के खनिजों और काबोर्हाइड्रेट की सतह दोनों के साथ हाइड्रोजन बंधन बना सकता है।

**'डबल ग्रिप':** जब पानी का एक अणु इन दो सतहों के बीच फंस जाता है, तो उसे 'डबल पकड़' द्वारा पकड़ा जाता है इससे एक मजबूत बाध्यकारी ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिससे पानी के वाष्पित होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

**क्विंटुपलिंग स्ट्रेंथ:** आणविक सिमुलेशन से पता चला कि जटिल चीनी पॉलिमर (जैसे स्टार्च) मिट्टी को अकेले मिट्टी की तुलना में पांच गुना अधिक कसकर बांधने में मदद कर सकते हैं।

### संरचनात्मक सहायता: छिद्र पतन को रोकना

रासायनिक बंधन के अलावा, इन काबोर्हाइड्रेट की भौतिक संरचना भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी 'नैनोपोर्स' से भरी हुई है। यह छोटी-छोटी जेबें हैं जो पानी जमा करती हैं।

**समस्या: सामान्यत:** जैसे-जैसे मिट्टी सूखती है, ये छोटे छिद्र सिकुड़ जाते हैं और ढह जाते हैं, जिससे बाद में मिट्टी का पुनः हाइड्रेट होना कठिन हो जाता है।

**समाधान:** शोधकताओं ने पाया कि लंबे, शाखाबद्ध काबोर्हाइड्रेट अणु सूक्ष्म मचान की तरह काम करते हैं। वे मिट्टी के नैनोपोर्स को पूरी तरह से ढहने से रोकते हैं, तथा अत्यधिक गर्मी के दौरान भी मिट्टी की ₹स्पंजर₹ संरचना को बरकरार रखते हैं।

### यह क्यों मायने रखता है: स्थानीय खेतों से लेकर मंगल ग्रह तक

यह खोज न केवल मृदा रसायन विज्ञान के लिए एक जीत है; बल्कि इसका वैश्विक खाद्य सुरक्षा और ग्रह विज्ञान पर भी बड़ा प्रभाव पड़ेगा

**सूखा प्रतिरोधी इंजीनियरिंग:** इस 'गोंद' को समझकर, वैज्ञानिक अब विशिष्ट मृदा रसायन विज्ञान की इंजीनियरिंग पर विचार कर सकते हैं। केवल 'जैविक पदार्थ' जोड़ने के बजाय, किसान संभावित रूप से अपनी मिट्टी को विशिष्ट खनिज-काबोर्हाइड्रेट संतुलन के साथ ढाल सकते हैं, ताकि दीर्घकालिक नमी भंडार तैयार हो सकें।

**सिंचाई में कमी:** इस प्राकृतिक गोंद को बढ़ाने से फसलों के लिए आवश्यक पानी की मात्रा में काफी कमी आ सकती है, जो एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण शुष्क अवधि की आवृत्ति बढ़ जाती है।

**अलौकिक जीवन:** ये निष्कर्ष इस बात का संभावित स्पष्टीकरण प्रदान करते हैं कि किस प्रकार पानी मंगल ग्रह पर या उल्कापिंड के भीतर अरबों वर्षों तक चट्टानों में फंसा रहा है। यदि कार्बनिक पदार्थ मौजूद होते, तो वह उन वातावरणों में पानी के लिए एक ही आणविक लंगर का काम कर सकता था।

### भविष्य का दृष्टिकोण

नॉर्थवेस्टर्न की टीम प्रयोगशाला से क्षेत्र में जाने की योजना बना रही है, तथा यह परीक्षण करेगी कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न मिट्टी प्रकारों में ये आणविक अंतःक्रियाएं किस प्रकार भिन्न होती हैं। यह शोध मिट्टी के बारे में हमारी समझ को विकास के लिए एक सरल माध्यम से एक परिष्कृत, रासायनिक रूप से इंजीनियर स्पंज में बदल देता है जो सबसे कठोर परिस्थितियों में जीवन को बनाए रखने में सक्षम है।

'इसका पता लगाने से, हम मिट्टी को सही रसायन विज्ञान के अनुसार इंजीनियर बना सकते हैं, तथा उसे दीर्घकालिक स्पंज में बदल सकते हैं जो नमी को संरक्षित करते हैं। – लुडमिला एरिस्टिल्ड, नॉर्थवेस्टर्न

# हीटवेव: मानव आबादी और वनस्पति के लिए नया खतरा - न सहा जाए, न रहा जाए



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

भारत में अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है और अभी तो मई महीना आना बाकी है, ऐसे में लोगों की हालत खराब हो रही है। दिन के समय और खासकर दोपहर में अत्यधिक गर्मी होती है।

गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में दोपहर के समय तापमान लगभग 40 डिग्री तक पहुंच रहा है। जानकारों के अनुसार भारत में गर्मी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शाम होते ही गर्मी खत्म हो जाती है, ऐसा अब नहीं रहा। देश के अधिकांश राज्यों में सूर्यास्त के बाद भी भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलती। मौसम विभाग ने भी बताया है कि भारत में दिन की तुलना में रात का औसत तापमान अधिक तेजी से बढ़ रहा है।

महाराष्ट्र और तेलंगाना को छोड़कर देश के अधिकांश राज्यों में रात का औसत तापमान दिन से अधिक दर्ज किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में रात के तापमान में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है, लेकिन इस पर प्रशासन और आम जनता द्वारा अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में कई क्षेत्रों में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच चुका है।

संभावना जताई गई है कि मई महीने तक कई शहरों का तापमान औसतन 4 से 8 डिग्री तक बढ़ सकता है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और झारखंड जैसे राज्यों में हीटवेव अलर्ट जारी किया गया है।

अमरावती, वर्धा, नागपुर, दिल्ली जैसे शहरों में दो ही दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ गया, जिससे लोगों को असहनीय गर्मी का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश के बांदा में तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में 43 डिग्री तापमान रहा। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के कारण स्कूलों में 11 दिनों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों का समय बदलकर सुबह कर दिया गया है और अवधि भी कम कर दी गई है।

चिंताजनक बात यह है कि दुनिया के 50 सबसे गर्म स्थानों में से 20 शहर भारत के हैं। औसत तापमान के आधार पर चीन के युन्नान प्रांत का जिंगहोंग शहर 37 डिग्री के साथ पहले स्थान पर है, जबकि ओडिशा का बलांगीर 36 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद वियतनाम का सोन ला तीसरे स्थान पर है।

चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः महाराष्ट्र का चंद्रपुर और छत्तीसगढ़ का रायपुर हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र का गडचांदूर, छत्तीसगढ़ का महासमुंद, बिहार का सासाराम, छत्तीसगढ़ का भिलाई, तेलंगाना का कोठापेट और छत्तीसगढ़ का बिलासपुर भी इस सूची में शामिल हैं।

मौसम विभाग ने बढ़ती हुई गर्म रातों को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। जब रात का तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री अधिक होता है, तो उसे गर्म रात की श्रेणी में रखा जाता है। 6.4 डिग्री से अधिक होने पर अत्यधिक गर्म रात मानी जाती है। हीटवेव की स्थिति में यह आम बात हो जाती है। आमतौर पर जब दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर होता है, तो रात का तापमान भी बढ़ जाता है।

1980 से 2020 के बीच के अध्ययन के अनुसार भारत में रात का तापमान लगातार बढ़ा है। हर दशक में औसतन 8 दिनों की वृद्धि गर्म रातों में दर्ज की गई है।

विशेष रूप से पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम और तटीय राज्यों में यह वृद्धि अधिक देखी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में 2012 से 2022 के बीच हर गर्मी में औसतन 15 गर्म रातें बढ़ी हैं। बेंगलुरु में 11, भोपाल और जयपुर में 7-7 तथा दिल्ली में 6 रातों की वृद्धि दर्ज की गई है।

इस वर्ष अल नीनो प्रभाव के कारण तापमान में और वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग का मानना है कि 2026 का सर्दी का मौसम सामान्य रहा है, लेकिन गर्मी अधिक तीव्र रहने की संभावना है।

मुख्य कारणों में जलवायु परिवर्तन और तेजी से बढ़ता शहरीकरण शामिल हैं। ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन दिन के साथ-साथ रात में भी वातावरण को गर्म बनाए रखता है। शहरों में अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। कंक्रीट और कांच की संरचनाएं दिन में गर्मी सोखकर रात में छोड़ती हैं। ऊंची इमारतों के कारण गर्म हवा ऊपर नहीं उठ पाती और नीचे ही फंसी रहती है।

आर्द्रता (नमी) में वृद्धि भी स्थिति को और खराब कर रही है। नमी वाली हवा अधिक गर्म महसूस होती है और रात में भी गर्मी बनी रहती है।

तटीय क्षेत्रों में नमी 60-70 प्रतिशत तक रहती है, जबकि 2012 से 2022 के बीच इसमें 10 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर और लखनऊ में भी नमी में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

एयर कंडीशनर के बढ़ते उपयोग से भी शहरी तापमान बढ़ रहा है, क्योंकि एसी से निकली गर्म और नम हवा बाहर वातावरण को और गर्म करती है। दिन और रात दोनों समय बढ़ते तापमान के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा है, डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ रही है, लू लगने का खतरा रात में भी बढ़ गया है, नींद में बाधा आ रही है, शरीर रात में ठंडा नहीं हो पाता।

विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और हृदय या श्वास संबंधी रोगों से पीड़ित लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा बेचैनी, थकान, त्वचा में जलन और आंखों में जलन जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

चिंताजनक बात यह है कि हीटवेव से निपटने के लिए अधिकांश योजनाएं केवल दिन के समय को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं, जबकि रात के बढ़ते तापमान के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) की कमी और ऊंची इमारतों की बढ़ती संख्या भी इस समस्या को और बढ़ा रही है।

स्पष्ट है कि बढ़ती गर्मी अब केवल दिन की समस्या नहीं रही, बल्कि रातें भी उतनी ही खतरनाक होती जा रही हैं और यही आने वाले समय की सबसे बड़ी चुनौती है।

## क्रोध जिन्दगी का दुश्मन

उदय किशोर साह

कविता



क्रोध जिन्दगी का सबसे बड़ा दुश्मन
दोस्ती में भी करा देता है ये अनबन
इस क्रोध से रहना सदैव अति दूर
क्रेधित मन होता है बड़ी ही क्रूर

झगड़े झंझट का खोल देता दरवाजा
अदावत का होता है क्रोध सगा भाँजा
चढ़ा देता है गर्व गुमान का सरूर
क्रोध है मानवता का गरल हुजूर

बुद्धि विवेक गुस्सा कर देता है कुंठित
सोंच समझ की चेतना होता है वंचित
खून खराबा की है ये तेज तलवार
परेशानी की दलदल में शांत परिवार

क्रोध का जो भी हुआ जग में गुलाम
दूर से संकट करता उनको सलाम
क्रोध विवाद का है जगत में जननी
कोट कचहरी से करा देता ये मंगनी

क्रोध पे कभी ना करना है एतबार
बरबादी का दिखलाता है ये संसार
आर्थिक शोषण का होता पालनहार
क्रोध के वश में कभी ना आना यार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पूर्व राज्य मंत्री डॉ.विनोद तिवारी के द्वारा घुँघचिहाई चौराहे पर परशुराम चौक का लोकार्पण किया गया

लुकमान खान

**पीलीभीत/पूरनपुर (वेलकम इंडिया)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) की पावन बेला पर पूरनपुर के घुँघचिहाई चौराहे पर भव्य भगवान परशुराम चौक का लोकार्पण पूर्व राज्य मंत्री डॉ.विनोद तिवारी के द्वारा किया गया। जिसके पश्चात भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन किया गया।

सभी सनातनी बन्धुओं ने भगवान परशुराम के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा इस अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम चौक की स्थापना के लिए पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त किया। सभी वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला एवं सभी उपस्थित सनातनी बन्धुओं को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनायें प्रेषित कीं। सभी सनातनी बन्धुओं को इस बात का अत्यंत हर्ष है कि घुँघचिहाई चौराहा अब भगवान परशुराम के छठे अवतार भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ,नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, रजनीश पाण्डेय, प्रफुल्ल मिश्रा अनुराग अग्निहोत्री, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा, अनुपम वाजपेई, धीरज शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, संजय मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही इस भव्य प्रतिमा का निर्माण करने वाले मूर्तिकार शैलेश चौरसिया एवं रवि मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा के द्वारा किया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष आनंद मिश्रा, तहसील अध्यक्ष हर गोविन्द वाजपेयी, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, रामअवतार शर्मा, निरंकार पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, राजकुमार शुक्ला, शिव शंकर अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, सुनील मिश्रा, गोपाल मिश्रा, प्रवीण शुक्ला, रजनीश पाण्डेय, मानस शुक्ला, विवेक तिवारी, रवि मिश्रा, सर्वेश पाण्डेय, ह्रदेश पाण्डेय, गौरव दीक्षित, अमित पाण्डेय, नीरज त्रिवेदी, अनुराग दीक्षित, अम्बर मिश्रा, अर्पण तिवारी, सिद्धार्थ शुक्ला, सचिन त्रिवेदी, सचिन शुक्ला, शोभित मिश्रा, राहुल अवस्थी, अनिल शास्त्री सहित सैकड़ों सनातनी बंधु उपस्थित रहे।






# राणा प्रताप नगर में झोपड़ियों में लगी भीषण आग, ग्रामीणों ने बुझाई

लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत पूरनपुर थाना हजारा क्षेत्र के राणा प्रताप नगर गांव में रविवार सुबह झोपड़ीनुमा घरों में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने कई झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड का स्टेशन दूर होने के कारण दमकल मौके पर समय से नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए बाल्टी और घरेलू संसाधनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाते दिखे। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया जा सका फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



# मिड टाउन क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन, एसपी सिटी ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन स्थित मिड टाउन क्लब में शनिवार को समाज सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। यहां अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी कुमार विजय सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी सलिल सक्सेना ने शिरकत की। दोनों अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके जज्बे की सराहना की। एसपी सिटी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना (एडवोकेट) ने कहा, ₹रक्तदान वास्तव में महादान है। इससे न केवल दूसरों का जीवन बचता है बल्कि स्वयं दाता को भी इसके कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। रक्तदान करने से शरीर में नया खून बनता है और कई बीमारियों का खतरा कम होता है।₹ उन्होंने अपील की कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। शिविर में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। शिविर में एकत्र हुए रक्त को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जरूरतमंद मरीजों के लिए भेजा जाएगा।

आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी शुभम आदि लोग व ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# जामा मस्जिद क्षेत्र में सील दुकानों को लेकर व्यापारियों का हल्ला बोल, धरने पर बैठे दुकानदार

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जामा मस्जिद क्षेत्र स्थित हमसफर शादी हॉल की दर्जनों दुकानों पर हाउस टैक्स बकाया होने के चलते नगर निगम द्वारा करीब एक माह पूर्व की गई सीलिंग की कार्रवाई से गुस्साए दुकानदार रविवार को सड़क पर उतर आए।

पीड़ित व्यापारियों ने सामूहिक धरना देकर प्रशासन और कमेटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## एक महीने से ठप है कारोबार

नगर निगम ने हाउस टैक्स का लाखों रुपये बकाया होने पर हमसफर शादी हॉल की दर्जनों दुकानों पर सील लगा दी थी।

कार्रवाई के बाद से दुकानदारों की आजीविका पूरी तरह प्रभावित हो गई है। लगभग एक महीने से दुकानें बंद रहने के कारण व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। दुकानदारों का कहना है कि दुकानें ही उनकी आय का एकमात्र जरिया हैं और सील लगने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



## कमेटी से सील खुलवाने की मांग

परेशान दुकानदारों ने रविवार को हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर बैठे व्यापारियों ने कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों से मांग की कि जल्द से जल्द बकाया हाउस टैक्स जमा कर दुकानों की सील खुलवाई जाए, ताकि वे अपना व्यापार फिर से शुरू कर सकें। प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों ने जमकर नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त किया।

## पुलिस और पार्षद पहुंचे मौके पर

धरने की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। साथ ही क्षेत्रीय पार्षद मौज्जम अली भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। पुलिस के अनुरोध और पार्षद के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने धरना समाप्त कर दिया।

## थाने में जारी है वार्ता

फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर थाने में वार्ता जारी है। दुकानदारों को उम्मीद है कि जल्द ही कोई समाधान निकलेगा, जिससे उनकी दुकानें खुल सकें और कारोबार फिर से पटरी पर आ सके। वहीं नगर निगम का कहना है कि नियमानुसार बकाया जमा होने के बाद ही सील खोली जाएगी।

# नारी शक्ति बंधन विधानसभा सम्मेलन : आकांक्षा चौहान




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**नूरपुर।** उत्सव गार्डन में नारी शक्ति बंधन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नारी शक्ति बंधन प्रस्ताव के सम्मान में ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने नूरपुर विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें हजारों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने मोदी सरकार द्वारा पारित कराए गए नारी शक्ति बंधन के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं को शासन करने के भारत की लोकसभा तथा राज्यसभा की विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया। भाजपा सरकार महिलाओं के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने ब्लॉक क्षेत्र में महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। इस मौके पर समाजसेवी राशु चौहान, डॉ जसविंदर कौर, नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सत्यवीर चौहान, एडीओ करुणा चौहान, डॉ शीला राणा, किरन चौहान, कमलेश प्रजापति, विनीता अग्रवाल, नीलम चौहान, रश्मि चौहान उप निरीक्षक वर्षा यादव आदि मौजूद रहे।

# नीलगिरी स्कूल की बसों पर बड़ा सवाल: तीन पंजीकृत, फिर सड़क पर कौन दौड़ा रहा 'अन्य वाहन'?

## अमरिया में शिक्षा के साथ सुरक्षा पर संकट-अभिभावकों में रोष, जांच की मांग तेज

लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत तहसील अमरिया स्थित नीलगिरी पब्लिक स्कूल एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला सीधे तौर पर बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है। सामने आई जानकारी के अनुसार स्कूल के नाम पर केवल तीन वाहन ही पंजीकृत हैं, लेकिन क्षेत्र में इससे अधिक बसों के संचालन की चर्चा ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दस्तावेजों के मुताबिक विद्यालय के पास UP14DT6861 (18 सीट ट्रैवलर), UP24H7969 (42 सीट आइशर बस) और UP85AT6899 (29 सीट बस) ही दर्ज हैं। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि इनसे अधिक वाहन रोजाना बच्चों को ढो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर अतिरिक्त वाहन चल रहे हैं, तो क्या वे नियमों के अनुरूप हैं? क्या उनके पास वैध परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं? या फिर बच्चों की जान जोखिम में डालकर अवैध तरीके से संचालन किया जा रहा है? मामले को लेकर अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका साफ कहना है कि 'बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'




# पीलीभीत अंत्येष्टि स्थल निर्माण में प्रदेश में अव्वल

लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य में जनपद पीलीभीत ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 10 अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 9 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि एक स्थल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बताया कि अनुदान संख्या-14 के अंतर्गत प्राप्त 36 प्रस्तावों में से परीक्षण के बाद 10 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। चयनित ग्राम पंचायतों को नियमानुसार ले-आउट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 18,08,730 रुपये तथा कार्य प्रगति के आधार पर द्वितीय किस्त के रूप में 6,02,910 रुपये जारी किए गए।

पूरनपुर विकास खंड के पिपरिया दुलई व सिरसा, अमरिया के रोहतनियां, बीसलपुर के बौनी, गुलैंदा गौटिया व पहाड़गंज, बिलसंडा के बमरौली, ललौरीखेड़ा के गौनेरा तथा बरखेड़ा के भोपतपुर ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रामनगर जगतपुर ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा 12 मार्च 2026 को कार्यों की समीक्षा भी की गई। वहीं, 15 अप्रैल 2026 को प्रमुख सचिव पंचायती राज की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पंचायती राज पोर्टल पर पीलीभीत को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने की पुष्टि हुई।

# आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में 'बाल कुंभ' संपन्न

लुकमान खान

**पीलीभीत (वेलकम इंडिया)।** ीत/पूरनपुर। आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में भैयाओं के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 'बाल कुंभ' का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का गरिमामयी शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रचारक दुष्यंत , नगर प्रचारक देवेश , नगर कार्यवाह आशीष एवं खंड शारीरिक प्रमुख दीपक पाल द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया।संघ की योजना से आयोजित इस 'बाल कुंभ' में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बालकों से लेकर वरिष्ठ वर्ग के स्वयंसेवक स्वरूप भैयाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक दुष्यंत ने बौद्धिक सत्र में भैयाओं का मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के गौरवमयी इतिहास पर चर्चा की। उन्होंने संघ के संस्थापक परम पूजनीय डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार उन्होंने राष्ट्र को सूत्रबद्ध करने के लिए संघ की स्थापना की थी। उन्होंने डॉ. साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।मैदान पर आयोजित ग्रामीण और शारीरिक खेलों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बोरा दौड़, बाधा दौड़, संख्या खेल, राम और श्याम, सुदर्शन चक्र और शेर-बकरी जैसे पारम्परिक खेलों की धूम रही। इन खेलों के माध्यम से भैयाओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें सभी ने संघ के अनुशासन और उच्च खेल भावना का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने भी सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था प्रमुख मोहित अवस्थी द्वारा सुदृढ़ रूप से संभाली गई, जबकि पूरे कार्यक्रम के संयोजक आशीष रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुनीत , श्रीमान साकेत , प्रदीप अग्निहोत्री , रवि गुप्ता ,जितेश ,सुधीर , वैभव , और प्रवेश का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार और कार्यकर्ताओं के विशेष सहयोग से यह संघ कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ और अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।




# व्यापार मंडल तिराहा के पास चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में एक वांछित इनामिया शातिर लुटेरा घायल

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत।** 09.मार्च .2026 को समय करीब ग्यारह बजे थाना जहानाबाद क्षेत्रान्तर्गत एक सेवानिवृत्त अध्यापक के साथ चार अज्ञात अभियुक्तों द्वारा कार संख्या UP-32-FQ-0503 (हुंडई) में बैठाकर उनसे तेइस हजार की लूट कर, उन्हें रास्ते में उतारकर फरार हो जाने की घटना कारित की गई थी। तत्समय पीड़ित श्याम बिहारी लाल पुत्र स्व0 राम प्रसाद निवासी ग्राम कनाकोर, थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत द्वारा दी गई सूचना पर चार अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था उक्त प्रकरण में 20.मार्च .2026 को अभियुक्तगण धर्मेन्द्र पुत्र रामभरोसा निवासी ग्राम अहरौली थाना कसया जनपद कुशीनगर और मेईनुद्दीन पुत्र मकसूद निवासी ग्राम अहरौली थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बहीं 18 अप्रैल .2026 को समय करीब 21:45 बजे मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे का वांछित अभियुक्त सहादत पुत्र इश्तियाक निवासी अहरौली थाना कसया जनपद कुशीनगर पचास हजार का इनामिया पीलीभीत आया हुआ है तथा बरेली की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से व्यापार मंडल तिराहा एवं सियावाली पट्टी रेलवे क्रॉसिंग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति काले रंग की मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर मुड़कर भागने लगा।



संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर स्वयं को घिरता देख उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त सहादत अली पुत्र इश्तियाक अली, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी उपरोक्त के बाएं पैर में (घुटने के नीचे) गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

घायल अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल को उपचार हेतु सीएचसी जहानाबाद भेजा गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। अवैध शस्त्र बरामदगी के संबंध में पृथक से अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ी जागरूकता, उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान जरूरी

ब्रज पवार

**(वेलकम इंडिया)।** जिले में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। बिजली विभाग द्वारा पारंपरिक मीटरों की जगह स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत की सही जानकारी, पारदर्शी बिलिंग और आसान भुगतान जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। हालांकि, कई उपभोक्ताओं के मन में स्मार्ट मीटर को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं, जिनका समाधान विभाग द्वारा लगातार किया जा रहा है। विभाग के अनुसार स्मार्ट मीटर आधुनिक तकनीक पर आधारित होते हैं, जिनमें बिजली उपयोग का डेटा स्वतः दर्ज होता है और रीडिंग लेने के लिए कर्मचारियों के घर-घर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उपभोक्ता मोबाइल ऐप, वेबसाइट या एसएमएस के माध्यम से अपने बैलेंस, खपत और रिचार्ज की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे बिलिंग में पारदर्शिता आती है और गलत रीडिंग की शिकायतें कम होती हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार रिचार्ज कर सकते हैं और बिजली खर्च पर नियंत्रण रख सकते हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रीपेड मीटर लगने से बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होती, बल्कि सकारात्मक बैलेंस बनाए रखने पर कुछ श्रेणियों में छूट भी मिल सकती है। यदि बैलेंस समाप्त हो जाता है, तो तुरंत बिजली काटने की बजाय उपभोक्ताओं को आपातकालीन क्रेडिट अवधि दी जाती है।



# श्रीधाम वृन्दावन की रज के कण-कण में विद्यमान हैं श्रीराधा-कृष्ण : महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज

## धूमधाम से संपन्न हुआ श्रीब्रजधाम आश्रम का त्रिदिवसीय 14वां वार्षिकोत्सव

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी





**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** वाराहघाट/परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीब्रजधाम आश्रम में मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.) मुंबई के द्वारा श्रीब्रज धाम आश्रम का 14 वां मंगलमय त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीब्रजधाम आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन की रज के कण-कण में श्रीराधा-कृष्ण विद्यमान हैं।इसीलिए यहां की रज भी मस्तक पर धारण की जाती है ।इस रज को मस्तक पर धारण करने से प्रेम भक्ति सहज ही में प्राप्त हो जाती है।

चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि संत, वृक्ष, नदी, गिरि एवं धरणी ये अपनी लिए नही जीते हैं।इनकी उत्पत्ति केवल और केवल परहित और कल्याण के लिए हुई है ।महामंडलेश्वर स्वामी अनन्तानंद महाराज ऐसे ही भगवदनिष्ठ संत हैं,जिन्होंने अपना समूचा जीवन प्रभु भक्ति, धर्म प्रचार एवं समाजसेवा के लिए पूर्णतः समर्पित किया हुआ है। प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं ब्रज भूमि कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज धर्म व अध्यात्म जगत के जाज्वल्यमान नक्षत्र हैं ।उनके द्वारा समूचे विश्व में प्राचीन भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का जो प्रचार-प्रसार किया जा रहा है,वो अति प्रशंसनीय है। संत-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद सरस्वती महाराज (डॉ. अधिकारी गुरूजी), सिंहपौर हनुमान मंदिर के महंत सुंदर दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी बाल योगेश्वरानंद महाराज, 'भागवत भ्रमर' आचार्य बद्रीश महाराज, पण्डित सौरभ गौड़, सर्वेश्वर शरण शास्त्री, पूर्व वरिष्ठ महाप्रबंधक शरद शर्मा, डॉ. रंजन कुमार वधवा ( वरिष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी, सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली), अनुपम कुमार मिश्र (सिटी मजिस्ट्रेट, मथुरा), आचार्य विपिन बापू, साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, बाल व्यास ध्रुव शर्मा, सन्त प्रियाशरण भक्तमाली, महामंडलेश्वर स्वामी सुबोधानंद महाराज, पूज्य महाराजश्री के परम-कृपापात्र (उत्तराधिकारी) स्वामी दीप्तानंद महाराज, आश्रम के प्रबन्धक निरंजन आदि के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से आए तमाम सन्त और भक्त-श्रद्धालु उपस्थित रहे ।संचालन स्वामी प्रेमानंद महाराज ने किया।

महोत्सव के अंतर्गत महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज ने सभी संतों, विद्वानों एवं अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया ।तत्पश्चात संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

# भगवान परशुराम का जीवन प्रेरणास्रोत : विधायक रामचंद्र यादव



फतेह खान

**रूदौली/अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** रुदौली तहसील क्षेत्र के बिचाला गांव में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा बूथ अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अन्याय का सदैव प्रतिकार किया और धर्म के मार्ग पर अडिग रहते हुए त्याग, तपस्या तथा न्यायप्रियता का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श आज भी समाज को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शिवानंद मिश्रा, माधुरी सिंह, राजेश रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को प्रशासन सख्त, जागरूक करने के लिए सड़कों पर उतरी टीमें




मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन और महिला कल्याण विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी के निर्देशन में रविवार को जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान टीम ने स्पष्ट संदेश दिया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि गंभीर कानूनन अपराध भी है।

### कानून का उल्लंघन पड़ेगा भारी

जागरूकता अभियान के दौरान टीम ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की किशोरी और 21 वर्ष से कम आयु के किशोर का विवाह कराना दंडनीय है। ऐसा करने पर दोषी को 2 वर्ष तक की जेल, 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना या दोनों सजाएं एक साथ हो सकती हैं।

### प्रमुख स्थलों पर सघन अभियान

आगरा चाइल्ड हेल्पलाइन, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, वन स्टॉप सेंटर, डीसीपीयू और एंटी 'मन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) की संयुक्त टीमों ने शहर के मुख्य स्थलों पर मोर्चा संभाला:

**परिवहन केंद्र:** आगरा कैंट, राजा की मंडी रेलवे स्टेशन, ईदगाह बस स्टैंड और आईएसबीटी।

**बाजार क्षेत्र:** राजा की मंडी मार्केट, शाहगंज मार्केट, रामनगर की पुलिया, बोदला, अलबतिया, कारगिल, सिकंदरा और बिचपुरी रोड। इन क्षेत्रों में आमजन को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे अपने आसपास होने वाले बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

### हेल्पलाइन नंबरों पर दें सूचना

प्रशासन ने अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले, तो जागरूक नागरिक तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें:

चाइल्ड हेल्पलाइन: 1098

पुलिस सहायता: 112

महिला हेल्पलाइन: 181

इसके अतिरिक्त संबंधित तहसील के उप-जिलाधिकारी (SDM) को भी सूचित किया जा सकता है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। योजनाओं की भी दी जानकारी बाल विवाह रोकने के साथ-साथ महिला कल्याण विभाग की टीमों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें।

### अभियान में शामिल अधिकारी

इस विशेष अभियान में वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर रुचि सिंह, आशीष, नीरज, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर वर्तिका दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट शिखा दीक्षित व लवकेश सेहरा, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार गौतम, नीलम, किरण और एंटी 'मन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। 'अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। हम जनता से सहयोग की अपेक्षा करते हैं ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे।' अतुल कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, आगरा।

# आजादी 75 साल बाद गांव को मिली पक्की सड़क गांव में जश्न का माहौल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** जिला की दो विधानसभाओ गोवर्धन एवं छाता के मध्य बसे गांव नगला अनूप सिंह भरनखुर्द से नगला रामनगर ,नगला कासौटियों ,नगला सपेरा होते हुए नगला पंजाबी राधाकुंड तक जोड़ने के लिए जिसका आधा रास्ता गोवर्धन तहसील में है आधा रास्ता छाता तहसील में है जिस बजह से दोनो विधायक गोवर्धन और छाता इस 2.4 किलोमीटर सड़क कार्य को आजादी के 75 बर्ष में नहीं करा पाए । कई किसान परिवारों ने अपनी जमीन इस सड़क को बनवाने के लिए दान भी की, ग्रामीणों ने समाजसेवी जे पी मास्टर साहब के नेतृत्व में लगातार संघर्ष करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और राजनेताओं से संपर्क साधे रखा और निवेदन करते रहें।

# अक्षय तृतीया पर दान, पुण्य एवं सद्कर्मों का अत्यधिक महत्व : शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** परिक्रमा मार्ग-बैकुंठ नगर क्षेत्र स्थित श्रीदेवराहा बाबा योग निकेतन में अक्षय तृतीया के अवसर पर ठाकुर श्रीजानकी वल्लभ लालजी महाराज का द्विदिवसीय पाटोत्सव संत शिरोमणि स्वामी रामकेवल दास महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत ठाकुर श्रीजानकी वल्लभ लालजी महाराज का पंचामृत से अभिषेक कर उनका वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात वृहद सन्त-विद्वत संगोष्ठी, अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ, विश्व शांति हेतु विष्णु महायज्ञ, महंतों व महामण्डलेश्वरों का सम्मान एवं संत, ब्रजवासी वैष्णव सेवा (वृहद भंडारा) आदि के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर महंत रामकेवल दास महाराज ने कहा कि हमारा परम-सौभाग्य है, कि हम सभी श्रीधाम वृन्दावन में अक्षय तृतीया का पर्व मना रहे हैं। यों तो यह पर्व कहीं भी मनाया जा सकता है,परंतु वृंदावन में अक्षय तृतीया के दिन किए गए सद्कर्मों का हमें अन्य स्थानों की अपेक्षा अनंत गुना अधिक फल प्राप्त होता है। महंत स्वामी शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि अक्षय तृतीया का पर्व स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। इस तिथि पर किए गए दान-पुण्य, पूजा-पाठ एवं भजन इत्यादि का अक्षय फल प्राप्त होता है। महंत जगन्नाथ दास शास्त्री महाराज एवं महंत अभय प्रपन्न महाराज ने कहा कि अक्षय तृतीया पर वर्ष में एक बार हम सभी को विश्वप्रसिद्ध ठाकुर श्रीबांके बिहारीजी महाराज के चरणों के दर्शनों का परम-सौभाग्य मिलता है।

# गणमान्य ए सन्तजनों की मौजूदगी में कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में हुआ शंकराचार्य प्रतिमा का अनावरण

वेलकम इंडिया संवाददाता





**मथुरा/गोवर्धन।** जचोंदा स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में गुबावी पत्थर से नवनिर्मित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर का प्रांण प्रतिष्ठा समारोह शास्त्रोक्त रीति से सम्पन्न हुआ। इस दौरान जगद्गुरू आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण भी विधि विधान से हुआ। भव्य मंदिर की स्थापना से रोगियों व उनके परिजनों को आध्यात्मिक माहौल मिलेगा । हर श्रेष्ठ कार्य प्रभु को समर्पित करना चाहिए।

मंदिर का निर्माण श्रीमती प्रेम कुमारी एवं श्री कृष्ण मुरारी लाल अग्रवाल की स्मृति में उनके उनके पुत्र उमाकांत अग्रवाल -श्रीमती इन्द्रा अग्रवाल ने कराया है। मंदिर का विग्रह अत्यंत मनमोहक है।, सौम्य एवं जीवंत भाव लिए हुए है, जिसमें उनकी मधुर मुस्कान, मुरलीधारण की मुद्रा और दिव्य आभा श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर देती है। संस्थान के मुख्य द्वार के बांए आकर्षक छत्र की छांव में भव्य मंच पर स्थापित आदि शंकराचार्य की प्रतिमा श्रीमती प्रेमवती देवी-रामबाबू अग्रवाल की स्मृति में विशनचन्द अग्रवाल एवं मायारानी अग्रवाल (बृजवासी टंच) परिवार ने कराया है। प्राण-प्रतिष्ठा का पवित्र अनुष्ठान वृंदावन के आचार्य केशव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया।

तदुपरांत मंदिर में प्रथम आरती एवं उद्घाटन किया गया। संस्थान परिसर में मंदिर एवं आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा की स्थापना का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था का विस्तार नहीं, बल्कि यहाँ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रोगमुक्ति के साथ-साथ आध्यात्मिक शांति और 'नई दृष्टि' प्रदान करना है। यह पहल संस्थान के मूल उद्देश्य–सेवा, साधना और मानव कल्याण–को और सशक्त करती है। कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष स्वामी महेशानंद सरस्वती ने कहा कि 'नेत्र सेवा केवल शरीर की दृष्टि ही नहीं, बल्कि जीवन की दिशा को भी प्रकाशित करने का माध्यम है। जब चिकित्सा के साथ आध्यात्मिकता का समन्वय होता है, तब वास्तविक कल्याण संभव होता है। जगद्गुरु पीपा द्वाराचार्य बलराम दास देवाचार्य महाराज (संरक्षक) ने कहा कि 'मंदिर और संत परंपरा का सान्निध्य मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आस्था को जागृत करता है, जिससे जीवन में संतुलन और शांति का संचार होता है।' समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने आगंतुकों का आभार जताया।

# विधानसभा चुनाव में कम से कम 2 टिकट स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लिए मांगे

वेलकम इंडिया संवाददाता





**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, देहरादून में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण एवं निर्णायक बैठक मुख्य प्रदेश प्रवक्ता डॉ श्रीगोपाल नारसन के संचालन में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष को याद करते हुए वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश जिन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों की बदौलत आजाद है, उसी देश में उनकी विचारधारा और मूल्यों को लगातार कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 'आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार शहीदों के सपनों के भारत को कमजोर करने में लगी हुई है।'प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलती आई है, जबकि आज सत्ता में बैठे लोग इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और देश की मूल भावना को आघात पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के बताए मार्ग पर चलते हुए अन्याय, अत्याचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाएं तथा देश और प्रदेश को सही दिशा देने के लिए संघर्ष तेज करें ।स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के सम्मान की रक्षा करने और उनके अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया ।प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने हाथ के पंजे पर लाजवाब गीत सुनाया,तो प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी पंडित तारा चंद वत्स के पुत्र श्रीपाल वत्स ने सेनानी परिवारों के सम्मान पर बल दिया,जबकि श्रीगोपाल नारसन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से विधानसभा चुनाव में कम से कम 2 टिकट स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लोगो को देने की मांग की। कांग्रेस प्रकोष्ठ के महामंत्री अवधेश पन्त ने प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली एवं भविष्य के कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष से निवेदन किया कि पिछले 10 वर्षों से वर्तमान सरकार द्वारा तिरस्कृत एव स्वतंत्रता आंदोलन की विरोधी रही सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए कांग्रेस को अपनी मूल स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को एकत्रित और सम्मानित करना होगा उन्होंने मांग की कि2027 में होने वाले चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को प्रमुख स्थान देते हुए उनकी जायज मांगों को पूर्ण करने का भरोसा दिलाए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को चरखा एवं गंगा माई की चुनरी ओढा कर स्वागत किया गया सभा में विशेष रूप से कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती गरिमा महर दसौनी,विधायक एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य लखपत सिंह बुटोला,उत्तराखंड के जनकवि अतुल शर्मा ,संरक्षक गोवर्धन प्रसाद शर्मा ,बागेश्वर के गिरीश चंद्र जोशी ,राज्य आंदोलनकारी एवं रक्तदान के क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु मोहन खत्री,ऊर्जावान युवा कांग्रेसी नितिन चंचल जी आदि को चरखा एवं गंगा माई की चुनरी उड़ा कर विशेष सम्मान प्रदान किया गया सभा में मुख्य रूप से कांग्रेस के महामंत्री संजय शर्मा मोहन काला काशीपुर से सुशील गुड़िया जी नैनीताल हल्द्वानी से श्रीमती शोभा बिष्ट अपनी सहयोगियों के साथ अल्मोड़ा से इंद्रलाल आर्य जी बागेश्वर से जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पांडे हरिद्वार से श्रीगोपाल नारसन ,सुरेंद्र कुमार सैनी ,अदनान ,नवीन शरण निश्चल , सुरेंद्र सिंह बुटोला, सत्य प्रकाश चौहान ,सुधीर कौशिक,राकेश पंत ,राकेश डोभाल ,सुभाष जायसवाल जी ,जयदेव एवं समस्त जिलों के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# छाता में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/छाता।** विगत वर्षों की बात भी इस बार भी प्रस्तावित श्री भगवान परशुराम चौराहे पर विप्र समाज ने सभी समाज के लोगों के साथ भगवान परशुराम जी के छवि चित्र पर माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहना कर आचार्य गौरव शास्त्री के सानिध्य में विधि विधान से श्री भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि फाल्गुन सिंह कान्हा ने भगवान परशुराम जी के छवि चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर विधि विधान से नारियल फोड़कर पूजा की और सभी विप्र जनों ने सभी समाज के लोगों के साथ भगवान परशुराम जी की पूजा की और उसके बाद पंचामृत के साथ प्रसाद वितरण किया गया। श्री भगवान परशुराम चौक पर अपने संबोधन में श्री परशुराम सेवादल के अध्यक्ष सुशील भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की लगभग 15 वर्षों से लगातार भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया पर विप्र समाज के लोग अन्य समाज के लोगों को साथ लेकर हम इस चौराहे पर विधि विधान से पूजन अर्चन करते आ रहे हैं और हमारी शान और नगर पंचायत से मांग थी कि इस गोवर्धन चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौराहे के नाम से किया जाए।

# नील फ्लोरेंस अपार्टमेंट के फ्लैट में चल रहा था सट्टा, एक गिरफ्तार, दो फरार

## बरामदगी: सटोरिये के पास से 1.19 लाख की नकदी, 5 मोबाइल, 2 लैपटॉप और 19 पासबुक बरामद

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वालों के खिलाफ थाना सिकंदरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित अपार्टमेंट के फ्लैट में छापा मारकर सट्टे की खाई-बाड़ी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। हालांकि, उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक दस्तावेज और नकदी बरामद की है।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की दबिश

थाना सिकंदरा पुलिस रविवार (19 अप्रैल) को क्षेत्र में गश्त और चेकिंग पर थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि नील फ्लोरेंस अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आईपीएल मैचों पर बड़े स्तर पर सट्टा संचालित किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए फ्लैट पर अचानक छापा मारा। पुलिस ने मौके से रितिक पाठक पुत्र संजय कुमार पाठक (निवासी इटावा) को धर दबोचा।

### आलीशान फ्लैट में हाईटेक सट्टा

तलाशी के दौरान पुलिस को फ्लैट से सट्टेबाजी का भारी सामान मिला। पुलिस ने मौके से 1,19,500 रुपये नकद, 5 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 7 रजिस्टर, 12 एटीएम कार्ड और 19 विभिन्न बैंकों की पासबुक जब्त की हैं। रजिस्टर में लाखों के लेन-देन का हिसाब मिला है।

### गरीबों के नाम पर खुलवाते थे खाते

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी रितिक ने बताया कि वह अपने भाई ऋषभ पाठक और केशव पाठक के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क चलाता था।

आरोपी बेहद शातिराना तरीके से काम करते थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर और भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके दस्तावेजों पर सिम कार्ड जारी कराते थे और उन्हीं के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। सट्टे का पैसा इन्हीं खातों में मंगाया जाता था, जिसे बाद में एटीएम के जरिए निकाल लिया जाता था।

### आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास

पुलिस जांच में सामने आया है कि रितिक पाठक का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ पूर्व में जनपद इटावा के बकेवर थाने में धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

### फरार साथियों की तलाश जारी

थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपी ऋषभ और केशव की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। बरामद नकदी और सामान को जब्त कर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# हनी ट्रैप में फंसे युवक की आत्महत्या, एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक युवक के हनी ट्रैप में फंसकर आत्महत्या करने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार दहशत में जी रहा है। परिवार का आरोप है कि ब्लैकमेल करने वाला गिरोह लगातार कॉल और मैसेज के जरिए धमकियां दे रहा है, जबकि मृतक के एक साथी से भी पैसों की मांग की जा रही है।गांव मलकपुर निवासी बिलाल कुछ समय पूर्व व्हाट्सएप कॉल और फोन कॉल के माध्यम से हनी ट्रैप का शिकार हो गया था। आरोप है कि गिरोह ने उसे अश्लील फोटो और वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करते हुए करीब तीन लाख रुपये वसूल लिए। इसके बावजूद आरोपित लगातार उसे ब्लैकमेल करते रहे और अश्लील सामग्री उसके परिचितों को भेजने की धमकी देते रहे। लगातार हो रही ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बिलाल ने 14 अप्रैल को दो वीडियो बनाकर क्षेत्र के जंगल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतक के भाई सुहैल ने मोबाइल का लॉक खुलवाया, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। परिजनों के अनुसार, व्हाट्सएप कॉल के जरिए विदेशी नंबरों, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नंबर भी शामिल बताए गए हैं, से अश्लील फोटो भेजकर उसे डराया जा रहा था।मामले में सुहैल ने 16 अप्रैल को थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरोह सक्रिय है और लगातार कॉल व मैसेज के जरिए परिवार को धमका रहा है। परिजनों का कहना है कि आरोपियों अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुका है।बताया गया है कि मृतक के साथी शहजाद के फोन पर भी अज्ञात नंबरों से कॉल कर पैसों की मांग की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है और साइबर टीम जांच में जुटी हुई है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर व क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अभियान के तहत उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया और महिला कांस्टेबल प्रियंका की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन कर महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को समझाते हुए बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने के लिए चलाई जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। टीम ने बताया कि किस प्रकार ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से अपराधी लोगों को निशाना बनाते हैं। महिलाओं को इनसे बचाव के उपाय भी विस्तार से समझाए गए, जैसे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करना, अपनी निजी जानकारी साझा न करना और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना देना।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में58मरीजों के स्वाथ्य की हुई जांच

वेलकम इंडिया संवाददाता




**संतकबीरनगर।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में रविवार को चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान की देख रेख में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।जिसमें कुल58मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही 26लोगों के विभिन्न प्रकार की खून की जांच कर मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह के साथ ही निःशुल्क दवायें भी दी गयीं।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सुफियान खान ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 58मरीजों की जांच की गयी।इस दौरान बुखार,मियादी बुखार,

खांसी,ब्लड प्रेशर,विभिन्न प्रकार के ब्लड की भी जांच की गयी। जांच के बाद उनमें निःशुल्क दवायें भी वितरित की गयी है। आगे बताया कि मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।दिन बहुत ही गर्म होता जारहा है। ऐसे में बहुत सावधानी की आवश्यकता है।10बजे के बाद कम बाहर निकलें।धूप सेबचें।स्वछ पानी व साफ पानी का सेवन करते रहें।इस समय वाइरल फीवर,मियादी बुखार,खांसी,सर्दी,जुकाम,खुजली,

सुगर,फोड़े फुंसी आदि सहित विभिन्न प्रकार के मरीज इलाज हेतु आरहे हैं। बच्चों में फीवर,दस्त,छोटी छोटी फुंसी,खांसी की भी शिकायत आरही है। साथ ही सुगर,ब्लडप्रेशर,न्यूरो,सर्वाइकल से सम्बंधित मरीज भी आरहे हैं। जिनका मर्ज के हिसाब से इलाज किया जारहा है। अन्य जांच व गम्भीर बीरियों के मरीजों को सीएचसी खलीलाबाद के लिये भेज दिया जाता है। आगे बताया कि बासी खाने से बचें।हरी सब्जी,सलाद का सेवन अवश्य करें। अपने आस पास गन्दगी न होने देने के साथ ही अनावश्यक रूप से पानी इक्ट्ठा न होने दें। सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खान पान सही रखें।जीएनएम शालिनी पांडेय ने बताया कि महिलाओं में कमर दर्द,सुगर,पीरियड,ज्यादातर लिकोरिया के मरीज आरहे हैं।प्रसूताओं को विभिन्न

जानकारी देने के साथ ही निःशुल्क दवायें भी दी जाती हैं।ऐसे मरीज इससे बचाव करने के लिये साफ सफाई रखें,नियमित जांच कराते रहें। समय से दवाई का सेवन करते रहें। लैबटेक्नीशियन शिवनन्दन ने बताया कि चिकित्सालय में लगभग19प्रकार की ब्लड के जांच की सुविधा उपलब्ध है। सुगर,कफ आदि की भी जांच की जाती है। रविवार को कुल 26मरीजो के ब्लड के सेम्पल लेकर विभिन्न प्रकार के जांच की गयी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान,जीएनएम शालिनी पांडेय,एलटी शिवनन्दन,आशा यादव,एएनएमललिता,नमिता, जीएनएम हरिकेश,आनन्द कुमार,सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

# शिव मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र कस्बा एलम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर समिति की ओर से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर समाज और देश की खुशहाली की कामना की।

मंदिर के पुजारी अनुपम शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न्याय, धर्म और सत्य के प्रतीक थे।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हंसी के सरताज राजपाल यादव, एक्शन के बादशाह अक्षय कुमार 'भूत बंगला' बन गई दर्शकों की पहली पसंद'

सनी कुमार केशरवानी




**प्रयागराज(वेलकम इंडिया)।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' सिनेमाघरों में रिलीज होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का केंद्र बन गई है। रिलीज के पहले ही दिन फिल्म को पब्लिक का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। थिएटर के बाहर निकलते दर्शकों के चेहरों पर डर और हंसी का मिला-जुला असर साफ नजर आया। फिल्म में राजपाल यादव और अक्षय कुमार की जोड़ी ने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया है। खासकर राजपाल यादव की कॉमिक टाइमिंग और अक्षय कुमार की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस की लोगों ने खुलकर तारीफ की। दर्शकों का कहना है कि 'भूत बंगला' एक परफेक्ट एंटरटेनमेंट पैकेज है, जिसमें डर, सस्पेंस और कॉमेडी का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है। कई दर्शकों ने फिल्म को 'फुल पैसा वसूल' बताया, तो कुछ ने कहा कि 'लंबे समय बाद ऐसी फिल्म आई है, जो हंसाने के साथ-साथ डराने में भी कामयाब रही है।' फिल्म की कहानी एक रहस्यमयी बंगले के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां अजीबोगरीब घटनाएं घटती हैं और हर मोड़ पर नया ट्विस्ट दर्शकों को चौंकाता है। डायरेक्शन, बैकग्राउंड म्यूजिक और सिनेमैटोग्राफी ने फिल्म के माहौल को और भी असरदार बना दिया है। थिएटर से बाहर निकले एक दर्शक ने कहा, 'राजपाल यादव ने तो कमाल कर दिया, हर सीन में हंसी छूट रही थी।' वहीं एक अन्य दर्शक ने कहा, 'अक्षय कुमार की एंट्री और उनका रोल फिल्म को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है।' बॉक्स ऑफिस की बात करें तो 'भूत बंगला' ने अब तक लगभग 70-80 करोड़ की शानदार ओपनिंग की है (अनुमानित आंकड़े), जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। फिल्म को मिल रहे इस जबरदस्त रिस्पॉन्स से साफ है कि 'भूत बंगला' दर्शकों के दिलों पर छाने के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। कुल मिलाकर, 'भूत बंगला' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐसा सिनेमाई अनुभव बनकर उभरी है, जहां हर लम्हा दर्शकों को डराता भी है और हंसाता भी है।

# थाना दुधारा पुलिस ने 01 किलो 400 ग्राम अवैध गाँजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, का0 शोनू यादव, का0 अरविन्द गौड़ ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त अख्तर हुसैन उर्फ शाहरुख पुत्र इशहाक निवासी परासी गनवरिया थाना बेलहरकला को मु0अ0स0 157/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दुधारा पुलिया के पास से 01 किलो 400 ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार कर रविवार को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए न्यायालय भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि अभियुक्त अख्तर हुसैन उर्फ शाहरुख के विरुद्ध मु0अ0सं0 1914/2017 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना दुधारा, मु0अ0सं0 1915/2017 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना दुधारा, मु0अ0सं0 304/2018 धारा 380,411 भादवि थाना दुधारा, मु0अ0सं0 305/2018 धारा 379,411 भादवि थाना दुधारा, मु0अ0सं0 310/2018 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना दुधारा, मु0अ0सं0 321/2018 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना दुधारा, मु0अ0सं0 451/2018 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना दुधारा, मु0अ0सं0 35/2021 धारा 504,506 भादवि थाना दुधारा के तहत पूर्व में मुकदमा दर्ज है।

# महंगाई के दौर में भी आस्था की चमक बरकरार: दिनेश सिंह बोले–अक्षय तृतीया पर प्रयागराज सराफा बाजार में उमड़ी रौनक'



सनी कुमार केशरवानी

**प्रयागराज(वेलकम इंडिया)।** शुभता, समृद्धि और आस्था का प्रतीक अक्षय तृतीया इस वर्ष भी शहर में पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। महंगाई और सोने-चांदी के बढ़ते दामों के बावजूद सराफा बाजार में ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। बाजारों में सुबह से ही खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। इस मौके पर सराफा व्यापारियों ने विशेष तैयारियां की थीं। आकर्षक डिजाइन, हल्के वजन के गहने और ग्राहकों के बजट को ध्यान में रखते हुए कई नए कलेक्शन बाजार में उतारे गए। व्यापारियों का कहना है कि महंगाई के दौर में भी लोगों की आस्था और परंपरा के प्रति विश्वास कम नहीं हुआ है। सराफा व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह ने अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा– 'अक्षय तृतीया सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, समृद्धि और नई शुरूआत का प्रतीक है। इस दिन किया गया हर शुभ कार्य अक्षय फल देता है। महंगाई के इस दौर में भी लोगों का सोने-चांदी के प्रति आकर्षण और आस्था बरकरार है। हम व्यापारियों ने ग्राहकों की सुविधा और भरोसे को ध्यान में रखते हुए बेहतर गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ सेवाएं देने का प्रयास किया है।' उन्होंने आगे कहा कि बदलते समय के साथ ग्राहकों की पसंद भी बदल रही है। अब लोग हल्के और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ-साथ निवेश के रूप में भी सोना-चांदी खरीदना पसंद कर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट और आधुनिक सुविधाओं ने भी खरीदारी को और आसान बना दिया है। बाजार में इस बार खासतौर पर हल्के वजन के गहनों, चांदी के सिक्कों और पूजा से जुड़े उत्पादों की मांग अधिक देखी गई। युवा वर्ग भी इस पर्व पर खरीदारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता नजर आया। कुल मिलाकर, अक्षय तृतीया पर प्रयागराज का सराफा बाजार एक बार फिर यह साबित करता दिखा कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, आस्था और परंपरा की चमक कभी फीकी नहीं पड़ती।

# एआरसी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में मरीजों की संख्या बढ़ी

## अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के चिकित्सक कर रहें मरीजों का बेहतर इलाज








वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक के मूड़ाडिहाबेग स्थित एआरसी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रहीं है। पूर्वांचल के बड़े अस्पतालों में शुमार इस हॉस्पिटल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मूड़ाडिहाबेग निवासी व समाजसेवी शमशेर अहमद ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वर्षों पूर्व एआरसी पीजी कॉलेज की स्थापना किये। जिससे इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए बस्ती, खलीलाबाद या मेहदावल जाने से लोगों को निजात मिली। उसके बाद उन्होंने देखा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर, लखनऊ आदि बड़े शहरों की तरफ जाना पड़ता है। उन्होंने 100 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटल की स्थापना कर मण्डल को एक बड़ी सौगात दी जिसका 12 अप्रैल को भव्य उद्घाटन भी संपन्न हुआ। उद्घाटन के बाद से निरंतर मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिसे लेकर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एमडी शमशेर अहमद ने कहा कि बेहतर स्वास्थ सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारा मकसद है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मासूम घायल, चालक फरार

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइक ने गली से बाहर निकल रही मासूम बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बच्ची को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर दिल्ली रेफर कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला कैर्मिदा पत्नी इखलाख ने बताया कि उसकी 5 वर्षीय भतीजी इरम घर से लगभग 30 मीटर दूर गली से बाहर निकल रही थी। तभी सलेमपुर रोड ईदगाह की ओर से तेज गति से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने बच्ची को टक्कर मार दी। आरोप है कि बाइक सवार अनीस ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मारने के बाद उसके ऊपर से बाइक चढ़ाने का भी प्रयास किया। और घ मौके पर मौजूद कासिम, रेशमा और अन्य लोगों ने बाइक सवार को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह गाली-गलौज करते हुए तेज गति से फरार हो गया। घटना के बाद घायल बच्ची को शामली के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के लोकनायक अस्पताल रेफर कर दिया गया।परिजनों के अनुसार बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# यज्ञ कर मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती: अनेक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

मनोज सिंहल



**स्याना/बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** स्याना रविवार को स्याना नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भगवान परशुराम जयंती की धूम रही। जयंती कार्यक्रमों में खासकर युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में परशुराम जयंती यज्ञ कर मनाई गई। इसके अतिरिक्त चांदपुर मार्ग पर आयोजित नमन कार्यक्रम के उपरांत हलवा प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी, विक्रांत त्यागी, नामित सभासदगण वैभव रस्तोगी, सचिन ठाकुर, भाजपा नेता विकास गुप्ता, सभासद नीरज त्यागी, शांतिकुंज के संजय त्यागी व राजेन्द्र त्यागी आदि मौजूद रहे। हिंद पब्लिक स्कूल प्रांगण में ललित त्रिवेदी श्रीमती इंदू त्रिवेदी के संयोजन में भगवान परशुराम जयंती नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मणों द्वारा भारतीय संस्कृति में सत्य, धर्म और न्याय के अद्वितीय प्रतीक प्रभु विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के चरित्र को जीवन में उतारने का प्रण लिया गया। नई सड़क पर क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कपिल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का आदर्श और उनकी नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी कि पौराणिक काल में थीं। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ यहां हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा ने समाज के लिए बहुमूल्य योगदान प्रदान करने वाले प्रबुद्धजन कृष्ण चंद्र शर्मा (पोस्ट ऑफिस), महेंद्र दत्त शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा (नया बांस), अजय शर्मा (कुमार मेडिकल स्टोर) को सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अधर्म का अंत कर न्याय और धर्म का मार्ग प्रशस्त किया। महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि बाल्यकाल में परशुराम का नाम राम था तथा भगवान शिव से परशु प्राप्त करने के बाद वे परशुराम कहलाए। विजय के उपरान्त उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी ऋषि कश्यप को दान कर दी। उपाध्यक्ष डॉ अजय श्रोत्रिय ने कहा कि परशुराम चिरंजीवी हैं तथा भविष्य में कल्कि अवतार के गुरु होंगे। डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि ऋषि द्रोणाचार्य, भीष्म और कर्ण को शिक्षा देने वाले भगवान परशुराम जीवन में शस्त्र और शास्त्र के संतुलन का संदेश देते हैं। अक्षय तृतीया की यह पावन तिथि कई प्रेरक घटनाओं की साक्षी है। आज ही मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण, सतयुग और त्रेता का शुभारम्भ और कृष्ण-सुदामा का प्रथम मिलन हुआ। जयंती कार्यक्रम में समाज के गणमान्य राजेंद्र नागर, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, दुष्यंत नागर एडवोकेट, प्रॉमिस शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मा. चंद्रमोहन शर्मा, प्रखर शर्मा, शेखर शर्मा, बॉबी शर्मा, अशोक शर्मा, नीरज शर्मा, डॉ विजय श्रोत्रिय, राधाकांत मिश्रा, लतेश शर्मा, डॉ सुरेश चंद शर्मा, प्रवेश शर्मा, विपिन शर्मा, अजय शर्मा, मनीष शर्मा, हंसराज शर्मा, प्रदीप शर्मा, सौरभ शर्मा, महेश शर्मा, प्रदीप श्रोत्रिय, डॉ यज्ञदत्त शर्मा, डॉ एस के शर्मा, दंत चिकित्सक डी के शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी संजय श्रोत्रिय, अतुल राय उर्फ संजू, राकेश शर्मा, विजय शर्मा सहित तहसील क्षेत्र के ब्राह्मणजन जयंती कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव, शोभायात्रा निकाली





वेलकम इंडिया संवाददाता

**छतारी।** बैरमनगर रोड स्थित चामुंडा मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। छतारी की चामुंडा मंदिर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसका शुभारंभ विधायक अनिल शर्मा ने किया।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति संगीत पर झूमते नजर आए। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

इस अवसर पर भाजपा नेता शांति स्वरूप शर्मा, सुनील दत्त शर्मा, बनवारी लाल, प्रमोद पंत, कौशल, भारत गौड़, सचिन शर्मा, बबली गौड़, सोनू पंडित, गोलू, अभिनाश, राजू, धर्मेंद्र सिंह, सुनीत, पंकज शर्मा, दिवस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत




वेलकम इंडिया संवाददाता

**अहमदगढ़।** अहमदगढ़ कस्बा में मेरठ बदायूं हाईवे पर रविवार सुबह करीब 7:00 बजे सफाई करने वाली महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर हुआ फरार महिला की मौके पर हुई दर्दनाक मौत।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ कस्बा निवासी लता देवी पत्नी विजयपाल सिंह वाल्मीकि उम्र करीब 55 वर्ष गांव में किसी के घर से सफाई कार्य करके अपने घर वापस लौटते समय सड़क पार कर रही थी कि अचानक तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बुलंदशहर भेज दिया गया है। अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया है कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगालने में पुलिस टीम लगा दी गई है।

# ओलंपियन स्कूल ने तहसील में प्रथम स्थान तथा जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

## छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक पाकर खुशी का किया इजहार माता-पिता एवं स्कूल का नाम किया रोशन












वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** आर एस एम ओलम्पियन पब्लिक स्कूल शिकारपुर में सीबीएसई कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर हर्षोल्लास का वातावरण रहा। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जिससे विद्यालय परिवार में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय में इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का स्वागत पुष्पमालाओं से किया गया तथा सभी के बीच मिठाइयाँ वितरित की गईं।

विद्यार्थियों ने अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों और लक्ष्यों को साझा किया, जिससे कार्यक्रम प्रेरणादायक बन गया।

विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं: भूमि चौधरी - 99%, शिवांश शर्मा - 98%, राधिका - 97.2%, दृष्टि - 97%, शशांक - 96%, श्रियांश - 95.8%, नित्या - 95.4%, दक्ष - 93.4%, दीपिका - 92.8%, हर्षिता - 92.6%, प्रयाग - 92.4%, श्रद्धा जनमेजय - 92.4%, अरमान - 92%।

विद्यालय की निदेशक प्रवेश चौधरी, अध्यक्ष हरेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार परिश्रम एवं लगन के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम उत्साह एवं प्रेरणा के साथ सम्पन्न हुआ।

# वाराणसी में आइसीएआइ का पीयर रिव्यू ट्रेनिंग प्रोग्राम सम्पन्न, विशेषज्ञों ने साझा किए अहम दिशा-निर्देश




संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की नई दिल्ली द्वारा आयोजित तथा वाराणसी शाखा द्वारा एक दिवसीय परीक्षण कार्यक्रम समीक्षा(पीर रिव्युवर) का आयोजन महमूरगंज स्थित होटल बालाजी पैलेस में किया गया जिसका विषय ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर पीर रिव्युवर था। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष सीए वैभव मेहरोत्रा ने स्वागत भाषण द्वारा किया एवं अध्यक्षता शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए प्यारे कृष्णा अग्रवाल एवं शाखा के वरिष्ठ सदस्य सीए अलोक शिवाजी ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए शिवांगी रूंगटा और सीए स्वाति अग्रवाल ने किया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता सीए हिमांशु अग्रवाल ने बताया की पीर रिव्यू मतलब सहकर्मी समीक्षा उन्होंने बताया किन किन फर्मों को पीर रिव्यू ऑडिट करवाना अनिवार्य है उन्होंने विस्तार से बताया कि किन फॉर्म में पीर रिव्यू ऑडिट के लिए अप्लाई किया जाएगा और क्या क्या सूचनाएं देनी होगी। कार्यक्रम में द्वितीए सत्र में स्वागत भाषण सीए विकास द्विवेदी ने दिया द्वितीय सत्र के वक्ता सीए रविंद्र कुमार गौर ने बताया की पूरी फर्म के नियम जैसे लीडरशिप, स्टाफ ट्रेनिंग, एथिक्स, क्लाइंट चुनना। हर एक फाइल के नियम जैसे ऑडिट प्लानिंग, सुपरविजन, पार्टनर रिव्यू, डॉक्यूमेंटेशन।

# नकाबपोश चोरों ने साईं धाम मंदिर में चोरी की घटना को दिया अंजाम

## बेखौफ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर हुए फरार सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया संवाददाता








**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर में शनिवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। हैरानी की बात ये है कि मंदिर परिसर में दो सुरक्षाकर्मी तैनात थे, इसके बावजूद चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने मंदिर में घुसते ही सबसे पहले दानपेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखी करीब छः हजार रुपये की नकदी पार कर दी। इसके बाद उनकी नजर साईं बाबा की मूर्ति पर पड़ी, जहां से करीब 250 ग्राम चांदी का छत्र भी चोरी कर लिया गया।वारदात को अंजाम देने आए चोर पूरी तैयारी में थे। उन्होंने अपने हाथों में दस्ताने पहन रखे थे, ताकि कोई सबूत न छूटे। इस पूरी घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और फॉरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों के आने-जाने के रास्तों की जांच की जा रही है।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव विकास गर्ग ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब भगवान का घर ही सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी कहां जाए? पुलिस की जांच जारी है, लेकिन श्रद्धालुओं में गुस्सा साफ देखा जा रहा है।




शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने बताया है कि मंदिर में चोरी की घटना हुई चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं पुलिस जांच में जुटी है जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती पर भी राधा नाम रसधार, रसिकों ने निकाली संगीतमयी प्रभात फेरी





वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य संगीतमयी प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी की शुरूआत मौहल्ला मैमरान स्थित पँ. लालजीमल मन्दिर से हुई, जो लाल कुआं स्थित शीशमहल मंदिर, सब्जी मंडी चौराहा, गांधी चौक, डाकखाने वाली गली से होते हुए वापस पँ. लालजीमल मन्दिर पर जाकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा भी शामिल हुए।

प्रभात फेरी में श्री राधारमण लाल जू एवं भगवान परशुराम की छवि से भव्य डोला सजाया गया। प्रभात फेरी में सुमित गोयल, विवेक गोयल और शिवम सोनी ने अपनी मधुर आवाज में भजन गाकर पूरे वातावरण में राधा नाम रस घोल दिया। प्रभात फेरी में शामिल भक्त पूरे मार्ग में भजनों पर झूमते नाचते हुए चल रहे थे जिससे वातावरण और भी ज्यादा आनंदित और भक्तिमय बना रहा। इस दौरान गाजियाबाद से आए गौरव बंसल ने भी प्रभात फेरी में शामिल होकर राधा रमण लाल जू और भगवान परशुराम के चरणों में पुष्प अर्पित किये और प्रभात फेरी का आनन्द लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय भाजपा विधायक संजय शर्मा ने सहभागिता करते हुए 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा' भजन गाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुगध हो उठे।

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में एग्रो-इंडस्ट्री, अकादमिया एवं किसान सम्मेलन 2026 का सफलता पूर्वक समापन

संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** सम्मेलन के दूसरे दिन 19 अप्रैल रविवार को डॉक्टर पहले सत्र के पहले पैनल चर्चा में डॉ.पी.के. चक्रवर्ती, पूर्व सहायक महानिदेशक, पादप संरक्षण, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने 'फसलों का समूहीकरण और कीटनाशकों का सीमित उपयोग' पर अपना विस्तार पूर्वक चर्चा किया उन्होंने बताया कि भारत में 500 से अधिक फसलें उगाई जाती हैं लेकिन केवल सीमित फसलों के लिए ही कीटनाशक पंजीकृत हैं जिससे किसानों को कई बार ऑफ लेबल उपयोग करना पड़ता है उन्होंने स्पष्ट किया कि फसल समूहकरण के अंतर्गत समान प्रकृति, समान कीट रोग एवं समान अवशेष व्यवहार वाली फसलों को एक समूह में रखा जाता है यदि उस समूह की एक प्रतिनिधि फसल पर कीटनाशक का परीक्षण सफल हो जाता है तो उसी समूह की अन्य फसलों पर भी उसका उपयोग संभव हो जाता है।

इस प्रणाली से पंजीकरण प्रक्रिया सरल होती है लागत कम होती है और विशेष रूप से मसाला जैसी लघु फसलों के लिए भी सुरक्षित कीटनाशक उपलब्ध हो सकते हैं साथ ही उन्होंने अधिकतम अवशेष सीमा (MRL) के सामंजस्य पर भी बल दिया जिससे निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है उन्होंने बताया कि यूनाइटेड स्टेट्स जैसे देशों में यह प्रणाली पहले से सफलतापूर्वक लागू है। डॉ.एच.बी.सिंह पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य पर्यावरण मूल्यांकन समिति, लखनऊ ने 'कृषि स्थिरता के लिए जैव- कीटनाशक नियमों में नया विनियमन' पर अपना विस्तार पूर्वक चर्चा किया। भारत में बायोपेस्टीसाइड्स के नवीनतम नियमों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 970 माइक्रोबियल बायोपेस्टीसाइड्स पंजीकृत हैं तथा देश में लगभग 8000 मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है उन्होंने इसके पंजीकरण प्रक्रिया एवं भविष्य की संभावनाओं को भी विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने चर्चा में इस बात पर किसानो का ध्यान किया कि






किसानो को ट्राइकोडर्मा (Trichoderma) जो कि एक बेहद फायदेमंद जैविक फफूंदनाशक (Bio-fungicide) है जो मिट्टी और बीज जनित रोगों जैसे उकठा (Wilt) और तना गलन (Root rot) को नियंत्रित करता है यह मित्र कवक फसलों की जड़ों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनाकर उन्हें हानिकारक फफूंद से बचाता है जिससे पौधे स्वस्थ रहते हैं और उपज बढ़ती है यह पर्यावरण के लिए सुरक्षित है उन्होंने अपने उद्बोधन में जोर देकर कहा कि हो सकता है कि इसका फायदा कही पर ज्यादा व कही पर काम हो सकता है इसका मुख्य कारण मृदा में जैविक तत्व की उपलब्धता पर निर्भर करता है। दूसरे पैनल चर्चा में प्रो.जे.पी.लाल, प्रो.अमिताभ रक्षित, प्रो.आर.के.दुअरी, प्रो.अमित कुमार, डॉ.सुनील कुमार (IRRI-SARC), डॉ.प्रगति श्रीवास्तव तथा विपिन कुमार, शैलेन्द्र रघुवंशी, धनजय ओझा (सीए) प्रतिभागियों ने 'उन्नत प्रौद्योगिकी और स्मार्ट खेती' पर चर्चा में भाग लिया। विषय विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार खेती में प्रिसिशन खेती, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन आधारित फसल निगरानी और कृषि मशीनरी व यंत्रों का उपयोग करके खेती से अधिक से अधिक लाभ ले सकते है। यह सत्र तकनीकी नवाचारों को किसानों तक पहुँचाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.के.के सिंह पूर्व कुलपति SBPUAT, मेरठ ने कृषि मशीनरी कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना पर विशेष बल दिया जो छोटे एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल लागत में कमी आएगी बल्कि कृषि कार्यों की दक्षता और उत्पादकता भी बढ़ेगी।

इसके साथ ही प्रसंस्करण उद्योग, महिला किसानों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। महिला किसानों को आधुनिक तकनीकों, प्रसंस्करण विधियों एवं विपणन कौशल का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है इसके अतिरिक्त, किसानों और छात्रों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व को उजागर किया गया जो उन्हें आधुनिक कृषि एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाएंगे। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ.यू.एस.गौतम, पूर्व उप महानिदेशक (कृषि विस्तार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने बताया की महिला किसानों की मौजूदगी कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव दर्शार्ती है। उत्पाद विकास के लिए छात्रों को उद्योग जगत में शामिल करना, एफपीओ के उत्थान और कौशल विकास, विपणन (मार्केटिंग) कौशल पर विशेष जोर दिया। उपभोक्ताओं का व्यवहार बदल रहा है जिसके आधार पर मांग भी बदल रही है इसलिए हमें बदली हुई मांग के अनुसार योजना बनाने की आवश्यकता है यदि हमें थ्री ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना है तो हमें किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करनी होगी। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ.एच.बी.सिंह पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य पर्यावरण मूल्यांकन समिति, लखनऊ ने किसानो के उत्पादों का भौगोलिक संकेत टैग की आवश्यकता पर जोर दिया। समापन समारोह के अध्यक्ष प्रो.यू.पी.सिंह निदेशक कृषि विज्ञान संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने बताया कि कृषि की मुख्य समस्याएं मानसून, मानव संसाधन, बाजार है साथ ही कृषि उत्थान के लिए संरक्षित खेती, आइएफएस, व्यावसायिक उद्यमिता विकास, स्वस्थ खाद्य उत्पादन और हर्बल फॉमूर्लेशन का विकास आदि मुख्य विकल्प के रूप में साबित हो रहे हैं। सम्मेलन के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में आयोजन समिति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। आयोजन सचिव प्रो.मनोज कुमार सिंह ने पूरे कार्यक्रम के समन्वय, रूपरेखा निर्धारण एवं विभिन्न सत्रों के प्रभावी संचालन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई जिससे कार्यक्रम समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। कोषाध्यक्ष डॉ.एस.पी.सिंह ने वित्तीय प्रबंधन, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तकनीकी सत्रों के संचालन एवं विषयगत दिशा प्रदान करने में सत्र संयोजक प्रो. अमिताव रक्षित की भूमिका उल्लेखनीय रही जिन्होंने विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के बीच सार्थक संवाद सुनिश्चित किया।

# समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद बैठक का आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी द्वारा (पीडीए) पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रविवार को समाज के वंचित वर्गों को जागरूक करने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम विद्यापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैठक आयोजन कर्ता गिरीश मथुरिया सेन ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीब,पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के हितों की लड़ाई लड़ती आई है।

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमेश प्रजापति ने संबोधन के दौरान कहा कि वर्तमान समय में समाज के कमजोर वर्गों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की जरूरत है और समाजवादी पार्टी ही उनका सच्चा मंच है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की गई और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम समापन अवसर पर सभी कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में सफलता दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद रहने वालों में जुगल किशोर सेन,प्रवीण सेन, वीर सेन,तेजपाल सेन,भोपाल शहर,संजय सेन,छोटे सेन, मनोज सेन,श्याम पाल सेन, कैलाश चंद सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पीडीएम वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# निवाड़ी में भगवान श्री परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत निवाड़ी में धर्म और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान श्री परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र के पूज्य बुजुर्गों के कर-कमलों द्वारा ससम्मान संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। परंपरा और सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए, प्रतिमा का अनावरण नगर के वरिष्ठ बुजुर्गों द्वारा किया गया। उपस्थित जनसमूह ने 'भगवान परशुराम की जय' के उद्घोष से आकाश गुंजा दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बुजुर्गों द्वारा अनावरण कराया जाना समाज के लिए एकता और मार्गदर्शन का प्रतीक है।बैंड-बाजों की मधुर धुन और भक्ति गीतों पर शोभा यात्रा के साथ श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों द्वारा स्वागत। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल युवा और महिलाएं। शोभायात्रा के समापन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सुख-शांति की कामना और भगवान परशुराम जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है।

# अभिराज राणा ने हाई स्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गांव फफराना निवासी समाजसेवी भीषम राणा व सरला देवी के प्रपोत्र एवं विकास राणा व श्रीमति गोल्डी राणा के सुपुत्र अभिराज राणा ने सीबीएसई की हाई स्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा स्कूल का नाम रोशन किया है।

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्र अभिराज राणा ने सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा में अंग्रेजी में 97 प्रतिशत, संस्कृत में 100 प्रतिशत, गणित में 95 प्रतिशत, साइंस में 98 प्रतिशत, सोशल साइंस में 98 प्रतिशत, ए आई में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अभिराज राणा की इस सफलता पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

उन्हें बधाई देने वालों में पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मयंक शर्मा, भाजपा युवा नेता अमित कराटे, सतपाल तेवतिया, विकास नेहरा, अभिभावक संघ से जुडे एडवोकेट कमलेश शर्मा व अभिराज राणा के नाना पतला निवासी योगेन्द्र बल्हारा शामिल रहे।

इसके अलावा हाई स्कूल परीक्षा में अभिराज राणा की उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# समाजसेवी रोहित यादव की माता स्वर्गीय अंगूरी देवी को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजली

## समाजसेवी रोहित यादव की माता अंगूरी देवी की तेहरवीं में राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक जगत से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों ने की शिरकत

विवेक जैन



**बागपत(वेलकम इंडिया)।** बागपत के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं श्री कृष्णा कॉलिज ऑफ एजुकेशन सिंघावली अहीर के चेयरमैन रोहित यादव की माता स्वर्गीय अंगूरी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री जीत सिंह की तेहरवीं पर राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक जगत से जुड़े हजारों लोगों ने शिरकत की और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय अंगूरी देवी जी की तेहरवीं पर सिंघावली अहीर स्थित उनके आवास पर हवन का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त आयोजित श्रद्धांजली सभा में क्षेत्र के अनेकों गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय अंगूरी देवी जी के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण बताया व उनके धार्मिक व समाजसेवी कार्यो की जमकर प्रशंसा की। जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि स्वर्गीय अंगूरी देवी जी ने समाजहित, जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, सभी धर्मो का सम्मान करना, धार्मिक कार्यो में निस्वार्थ भाव से हर सम्भव मद्द करने के जो संस्कार अपने बच्चों को दिये है, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। कहा कि वे बहुत ही परिश्रमी महिला थी और इंसानियत का जीता-जागता उदाहरण थी। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके उपरान्त श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनको अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उनके पुत्र रोहित कुमार यादव, कपिल यादव, दामाद महेन्द्रपाल यादव, पौत्र यश यादव, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, पूर्व चेयरमैन डॉक्टर मांगेराम यादव अमीनगर सराय, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, आचार्य अजीत गौरीपुर मीतली, सपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्रदेव यादव, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज यादव व बिल्लू प्रधान, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष डाक्टर सीमा यादव, भाजपा नेता नरेश वर्मा, किसान नेता अन्नू मलिक, नितिन यादव, सपा नेता डाक्टर तरूणदेव यादव, राहुल यादव, रवि बैंसला, नवनीत बंसल, खेमचन्द, धर्मसिंह यादव, विजय मैनेजर, सतबीर, सतपाल, एसके शर्मा, रामकिशन सैडभर सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मोदी मंदिर से किया गया, जो बस अड्डा, राज चौपाल होते हुए पुरानी तहसील के निकट स्थित परशुराम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा के दौरान विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें भगवान परशुराम के जीवन प्रसंगों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण भी किया गया। सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी सक्रिय रही। इस आयोजन में राजवीर शर्मा, हिंदू समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी अनिल जैन मनोज शर्मा मुकुल शर्मा सत्येंद्र शर्मा सचिन शर्मा सुनील शर्मा, राज वर्मा, दीपक कंसल, सौरभ शर्मा, योगेश शर्मा, महाकाल सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।शोभायात्रा के समापन पर परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और सभी श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** आनंद विहार भगवान परशुराम धर्मशाला मे भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बडी धूम धाम से मनाया गया आज सुबह हवन कराया गया और भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, अमित शर्मा चैयरमैन निवोक हॉस्पिटल, अनूप दीषित चैयरमैन स्पेक्टरम ग्लोबल पब्लिक स्कूल, बबलू कौशिक सभासद, ललित त्यागी सभासद, थे कार्यकम का संचालन प्रदीप शर्मा सभासद ने किया अध्यक्षता डॉ जगदीश शर्मा ने की इस मौके पर पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने कहा की भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, जिसके चलते आज के दिन हर वर्ष परशुराम जयंती मनाई जाती है। हिंदू धर्म और शास्त्रों में अक्षय तृतीया को बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है।

इस मौके पर अनूप दीक्षित ने कहा की हमें संगठित होना पड़ेगा और ब्राह्मण को स्वाभिमानी होना चाहिए हमें अपने बच्चे को अस्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा देनी चाहिए अमित शर्मा ने कहा की जब जब हमारे समाज ने एकता दिखाई है बड़ी से बड़ी सत्ता बदल गयी है हमें सभी को मिलकर धूम धाम से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाना चाहिए इस मौके पर बबलू कौशिक और ललित त्यागी ने भी अपने विचार रखे इस मौके पर हरिओम शर्मा, राकेश सारस्वत, संजीव शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, नीरज शर्मा, अमित शर्मा, विनेश शर्मा, रजत शर्मा, धीरज कौशिक, अभिजीत शर्मा, सुखदत्त शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य राम दत्त शर्मा, नीरज शर्मा, रमाकांत डिमरी, संजय तिवारी, विनीत शर्मा, ललित शर्मा, मनोज शर्मा, राम किशन शर्मा, मोनू शर्मा जगत किशोर, मोहित शर्मा, सुनील शर्मा, विकास शर्मा, प्रवीन शर्मा, लोकेन्द्र शर्मा आशुतोष शर्मा, अनुराग भार्गव, नितिन शर्मा, राजू शर्मा, मूलचंद शर्मा, विनोद शर्मा, नीरज पाण्डेय, राहुल शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थिति थे

# कूड़े की चिंगारी बनी बड़ा खतरा: ग्रेटर नोएडा में पार्किंग में खड़े 3 ट्रक जलकर राख

वेलकम इंडिया संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पार्किंग में खड़े तीन ट्रकों में अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पास में पड़े कूड़े के ढेर से उठी चिंगारियों ने तेज हवा के चलते विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते आग ट्रकों तक पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया। तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, दोपहर करीब 2:45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके तुरंत बाद टीमें रवाना की गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग की चपेट में आकर तीनों ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना के दौरान इलाके में कुछ समय के लिए दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की तह तक जाने में जुटे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले में कूड़ा जलाने से बचें, क्योंकि यह छोटी लापरवाही बड़े हादसों को जन्म दे सकती है।

# महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल को जानी खुर्द में ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा, जनकल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने और जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं।इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा डॉ. शालिनी नैय्यर ने उनसे मुलाकात कर इस सम्मान एवं शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

साथ ही उन्होंने भविष्य में समाजहित एवं महिला कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा भी की। इस कार्यक्रम में डॉ. शालिनी नैय्यर के साथ हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, सपना, रुचि गुप्ता, कोमल शर्मा एवं रोजी आनंद भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। अंत में सभी ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# गाजियाबाद में युवा कांग्रेस को नई कमान, कपिल यादव बने जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारतीय युवा कांग्रेस ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से कपिल यादव को गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, जिससे जिले की युवा राजनीति में नई हलचल देखी जा रही है। जारी नियुक्ति पत्र में कपिल यादव की कार्यक्षमता, समर्पण और जमीनी पकड़ पर भरोसा जताया गया है। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में न केवल संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने में भी तेजी आएगी। बताया गया है कि कपिल यादव, वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा देंगे। वहीं राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब्ब के मार्गदर्शन में जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। इस नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह कार्यकताओं द्वारा स्वागत और शुभकामनाएं दी जा रही हैं। जिलाध्यक्ष बनने के बाद कपिल यादव ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संगठन को मजबूत करेंगे और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करते हुए गाजियाबाद में कांग्रेस को और सशक्त बनाया जाएगा। कपिल यादव की यह नियुक्ति गाजियाबाद में युवा राजनीति के एक नए दौर की शुरूआत मानी जा रही है, जहां संगठन अब अधिक सक्रिय और आक्रामक रणनीति के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में है।

# उत्थान फाउंडेशन के सदस्यों का सम्मान, नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं के लिए सराहना

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यरत उत्थान फाउंडेशन के सदस्यों को भीम युवा संघर्ष समिति* द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री अम्बेडकर लाइब्रेरी, मोदीनगर में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया। फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि ये कक्षाएं बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाकर उनके आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों को बढ़ाना है। इस अवसर पर भीम युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कर्दम एवं उनकी टीम द्वारा फाउंडेशन की सदस्य कविता गुप्ता और ज्योति रानी को सम्मानित किया गया।

दोनों ने निरंतर समर्पण के साथ विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनजीओ के अध्यक्ष सीए राहुल जैन ने जानकारी दी कि उत्थान फाउंडेशन द्वारा विजय नगर, महार्षि दयानंद कॉलेज और देवेंद्रपुरी के बड़ा मंदिर क्षेत्र में भी तीन अन्य केंद्र संचालित किए जा रहे थे, जहां 150 से अधिक विद्यार्थियों ने इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन केंद्रों पर कक्षाएं अलका चौधरी और रिंकी कंसल द्वारा संचालित की गईं। उन्होंने आगे बताया कि इस पहल को सफल बनाने में उत्थान फाउंडेशन के अन्य सक्रिय सदस्यों गजाला बारी, अनु माहेश्वरी, कामाक्षी माहेश्वरी, ऋतु अग्रवाल, ऋतु कपूर, रश्मि मलिक, अनिल भार्गव, रुचि गुप्ता और सुनील भार्गव का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उत्थान फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की उम्मीद जताई। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने भी इस पहल के लिए फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन कक्षाओं से उन्हें न केवल अंग्रेजी सीखने में मदद मिल रही है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

# TCS कांड और पियूष बंसल के बयान के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** TCS कांड एवं लेंसकार्ट के मालिक पियूष बंसल द्वारा तिलक और कलावे को लेकर दिए गए कथित विवादित बयानों के विरोध में हिंदू संगठन बजरंग दल ने जोरदार रैली निकालकर अपना आक्रोश जताया। रैली का नेतृत्व बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, जिला मंत्री दिनेश महावर, जिला संयोजक विनोद चौहान और जिला सहसंयोजक प्रवीण राठौर ने किया। इस दौरान विभिन्न हिंदुत्ववादी संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए और नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि TCS सहित अन्य MNC और TNC कंपनियों में 'लव जिहाद' जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। रैली के बाद कार्यकर्ताओं ने नोएडा सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि TCS कांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

साथ ही, लेंसकार्ट के मालिक पियूष बंसल के बयान को लेकर भी उचित कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई। बजरंग दल पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में और भी व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# खाकी का 'मानवीय चेहरा': कहीं निवाले का सहारा, तो कहीं हुड़दंगियों पर प्रहार

## अक्षय तृतीया पर गाजियाबाद पुलिस का 'डबल स्ट्राइक': आरडीसी में जरूरतमंदों को बांटा राशन, सड़कों पर जाम छलकाने वालों को दिखाया कानून का डर









**ललित शर्मा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** राजधानी से सटे गाजियाबाद में अक्षय तृतीया का पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कमिश्नरेट पुलिस ने इसे 'सेवा और सुरक्षा' के एक नए अध्याय के रूप में पेश किया। पुलिस कमिश्नर के निदेशों का पालन करते हुए आरडीसी क्षेत्र में पुलिस ने जो सक्रियता दिखाई, उसने न केवल अपराधियों में खौफ पैदा किया, बल्कि समाज के वंचित वर्ग का दिल भी जीत लिया। रविवार को पुलिस का एक हाथ जहां दिव्यांगों को सम्मान के साथ राशन सौंप रहा था, वहीं दूसरा हाथ कानून तोड़ने वालों का चालान काट रहा था।

### दिव्यांगों को मिला सम्मान

ट्राई-साइकिल पर बैठी दिव्यांग महिला को जब पुलिसकर्मियों ने स्वयं झुककर राशन भेंट किया, तो उसकी आंखों की चमक ने पुलिस की 'फ्रेंडली पुलिसिंग' की सार्थकता सिद्ध कर दी।

### सब्जी और राशन का वितरण

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी केवल ड्यूटी नहीं कर रहे, बल्कि एक अभिभावक की तरह जरूरतमंदों की पोटली भर रहे हैं।

### खाकी ने निभाया 'अन्नदाता' का फर्ज

आरडीसी के व्यस्त बाजारों और चौराहों पर पुलिस की टीम जब हाथ में राशन के पैकेट और ताजी सब्जियां लेकर उतरी, तो नजारा देखने लायक था। पुलिसकर्मियों ने विशेष रूप से दिव्यांग महिलाओं और बेसहारा बच्चों को चिह्नित कर उन्हें खाद्य सामग्री वितरित की।

### 'ओपन बार' कल्चर पर पुलिस का हंटर

मानवीय संवेदनाओं के साथ-साथ पुलिस अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर भी अडिग दिखी। आरडीसी जैसे पॉश इलाके में सड़क किनारे गाड़ियों में बैठकर शराब पीने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक की।

### कमिश्नर की रणनीति आई काम, जनता ने सराहा

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों का कहना है कि पुलिस का यह रूप पहले कभी नहीं देखा गया। एक तरफ पुलिस सुरक्षा का अहसास दिला रही है और दूसरी तरफ सामाजिक सरोकारों से जुड़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के अभियानों से पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होती है और सूचना तंत्र भी मजबूत होता है।

> हमारा उद्देश्य कानून का राज स्थापित करना है, लेकिन समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता को भी जीवित रखना है। अक्षय तृतीया पर किया गया यह प्रयास उसी दिशा में एक कदम है।
>
> पुलिस प्रशासन

### मौके पर ही चालान

सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वाले और जाम छलकाने वाले दर्जनों लोगों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई।

### अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर सख्ती

- **दिव्यांगों की सेवा:** 20 से अधिक दिव्यांग परिवारों को तत्काल सहायता पहुंचाई गई।
- **सख्त कार्रवाई:** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 15 से अधिक वाहनों का चालान।
- **मुस्तैद टीम:** आरडीसी चौकी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने संभाला मोर्चा।

पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि सड़कों को मयखाना बनाने वालों के लिए गाजियाबाद में कोई जगह नहीं है।

## मुठभेड़ में ढेर हुआ 'कलयुगी मामा'

### भांजी से दुष्कर्म के आरोपी पर 50 हजार का इनाम, दो सिपाही घायल







**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में गाजियाबाद पुलिस और कुख्यात आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ में 'कलयुगी मामा' के नाम से कुख्यात अपराधी जसीम उर्फ छोटू मारा गया। आरोपी पर अपनी ही नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसे जघन्य अपराध का आरोप था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की तलाश में कई टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर टीला मोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पार्टी पर अवैध हथियार से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी की गोली लगने से पुलिस के दो सिपाही भी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले आरोपी ने अपनी ही भांजी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी, जिसके बाद से वह फरार था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन अभियान जारी है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## इंदिरापुरम में पुलिस मुठभेड़: दुष्कर्म और चोरी का आरोपी गोली लगने के बाद गिरफ्तार





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म और चोरी की वारदात में वांछित एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की नकदी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 15/16 अप्रैल 2026 की रात नीतिखंड-2 स्थित एक निमार्णाधीन प्लॉट में बनी झुग्गी में घुसकर आरोपी ने 7 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था।

इसके बाद झुग्गी से करीब 11 हजार रुपये और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया था। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। रविवार को पुलिस टीम गश्त के दौरान गौर ग्रीन से कनावनी पुलिया की ओर ग्रीन बेल्ट रोड पर संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें आरोपी अल्फाजुद्दीन उर्फ भालू के दोनों पैरों में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस और झुग्गी से चोरी किए गए 10,000 रुपये बरामद हुए।

घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले का शीघ्र खुलासा कर आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

## शादी के दो महीने बाद ही दुल्हन की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

### नंदग्राम थाना क्षेत्र का मामला, गला दबाकर हत्या का आरोप; पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार


मृतका


मृतका के परिजन


मृतका के परिजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद के नंदग्राम थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शादी के महज दो महीने बाद ही एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रुपसी के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार, रुपसी की शादी 19 फरवरी को फरीदाबाद में नंदग्राम निवासी अभिनव झा के साथ धूमधाम से संपन्न हुई थी। आरोप है कि शादी के दो महीने बाद ही देर रात ससुराल पक्ष के लोगों ने रुपसी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को लिखित शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

साथ ही ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

## विधायक निधि से करोड़ों की विकास रफ्तार: कई वार्डों में RCC रोड व नाली निर्माण का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड नंबर 1 कृष्णा नगर बागू एवं वार्ड 2 बौद्ध विहार में फ्र्रउ रोड व नाली निर्माण कार्यों का विधिवत उद्घाटन विधायक संजीव शर्मा के हाथों किया गया। यह सभी कार्य विधायक निधि से कराए जा रहे हैं, जिन पर लाखों रुपये की लागत आएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1, कृष्णा नगर बागू में राजेश के मकान से संदीप के मकान तक एवं पंचायत घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 15.50 लाख है। वहीं वार्ड 2, बौद्ध विहार में अगल देवी के मकान से कप्तान के मकान तक, शिवदयाल के मकान से जितेंद्र के मकान तक एवं नौ देवी जी के मकान से कप्तान के मकान तक फ्र्रउ रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ, जिसकी लागत लगभग 6.90 लाख बताई गई है। इसके अतिरिक्त बौद्ध विहार में राहुल के मकान से विनोद के मकान तक तथा कैलाश के मकान से सुरेश विजेंद्र के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 7.13 लाख है।
इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ह्लजनता से किया गया हर वादा हमारे लिए संकल्प है। क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और आगामी 2–3 वर्षों में सभी गलियों एवं आवश्यक निर्माण कार्यों को पूर्ण कराकर क्षेत्र को नई पहचान दी जाएगी।ह्व मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला लगातार जारी है और विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिल रही है, जिससे आमजन को सीधा लाभ पहुंच रहा है। कार्यक्रम में क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, सुभाष कश्यप, संदीप निषाद, बादल यादव सहित पत्रकार जे. नवीन, अंकित, अनु चौधरी और बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंबेडकर प्रतिमा खंडित होने से लोनी बॉर्डर में बवाल, दिल्ली-सहारनपुर रोड पर धरना







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**लोनी।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अज्ञात उपद्रवियों द्वारा खंडित किए जाने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और आक्रोशित होकर दिल्ली-सहारनपुर रोड पर प्रतिमा स्थल के पास धरने पर बैठ गए।




प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने प्रशासन को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा भी घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रण में लिया और क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## जनगणना 2027: कवि नगर में प्रशिक्षण शुरू, गैरहाजिर कर्मचारियों पर सख्त चेतावनी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** देश में होने वाली जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार, 19 अप्रैल से कवि नगर जोन में सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया, जो तीन दिनों तक चलेगा। अखबार के अनुसार, प्रशिक्षण में कर्मचारियों को घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया, परिवारों का विवरण दर्ज करने के तरीके, दस्तावेजों के सत्यापन, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सही प्रशिक्षण से ही जनगणना का कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सकेगा।

कार्यक्रम का निरीक्षण अपर नगर आयुक्त ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों का जायजा लेते हुए कर्मचारियों से संवाद किया और कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। वहीं, प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के प्रति प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। चेतावनी दी गई है कि बिना उचित कारण गैरहाजिर रहने पर वेतन रोका जा सकता है और विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मचारियों से समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। अधिकारियों का मानना है कि बेहतर तैयारी से जनगणना 2027 को पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सकेगा।